सतना
07 सितम्बर 2025 रविवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित




शुभमन ने अयास में @ पेज 7

## अगले विधानसभा चुनाव में टीएमसी का सफाया तय

### भाजपा नेता दिलीप घोष का ममता बनर्जी पर साधा निशाना



**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सिसायी गर्माहट तेज हो गई है। आरोप-प्रत्यारोप भी अपने चरम पर है। इसी बीच शनिवार को भाजपा नेता दिलीप घोष ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का सफाया हो जाएगा। उन्होंने अपने बयान में आगे टीएमसी की हालत की तुलना राज्य में पहले कमजोर हो चुकी सीपीएम और कांग्रेस से की। न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत के दौरान दिलीप घोष ने कहा कि ममता बनर्जी की पार्टी अगला चुनाव नहीं झेले पाएगी। जैसे लोगों ने सीपीएम और कांग्रेस को सबक सिखाया, वैसा ही हाल टीएमसी का भी होगा।

## श्रीनगर की हजरतबल दरगाह में अशोक स्तंभ से विवाद

### शिलापट्ट तोड़कर राष्ट्रीय प्रतीक हटाया; लोग बोले- यह धार्मिक भावनाओं के खिलाफ




**श्रीनगर,एजेंसी।** श्रीनगर की हजरतबल दरगाह में नवनिर्मित शिलापट्ट पर अशोक स्तंभ उकेरे जाने से विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों और नेताओं ने आपत्ति जताते हुए इसे धार्मिक भावनाओं के खिलाफ बताया।

शुक्रवार (5 सितंबर) की नमाज के बाद कुछ लोगों ने शिलापट्ट तोड़कर राष्ट्रीय प्रतीक हटा दिया। मस्जिद का हाल ही में रिनोवेशन किया गया था। इसका उद्घाटन जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की चेयरपर्सन दरख्शां अंद्राबी ने किया था।

अंद्राबी ने इस घटना को संविधान पर चोट बताया। उन्होंने विरोध करने वालों को उपद्रवी-आतंकी करार दिया। साथ ही PSA के तहत कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों पर FIR दर्ज न होने पर वह भूख हड़ताल करेंगी।

## राजा रघुवंशी मर्डर केस में 790 पेज की चार्जशीट दाखिल

### सोनम को बनाया गया मुख्य आरोपी

**शिलॉन्ग,एजेंसी।** मेघालय पुलिस के एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। आरोपपत्र में राजा की पत्नी सोनम रघुवंशी को मुख्य आरोपी बनाया गया है। सोनम के प्रेमी राज कुशवाहा और तीन अन्य को भी हत्या का आरोपी बनाया गया है। मेघालय पुलिस ने एक बयान में कहा कि इंदौर के व्यवसायी की हत्या के मामले में सोहरा उप-मंडल के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में 790 पृष्ठों का आरोपपत्र दाखिल किया गया है। इस हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था।



### दिल्ली बनी दरिया... मझधार में जिंदगी... बाढ़ में डूबता पंजाब

# दिल्ली के कई इलाकों में पानी भरा,यूपी के मथुरा में कॉलोनियां डूबीं


**नई दिल्ली/ लखनऊ,एजेंसी।** दिल्ली में शनिवार को भी यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मॉनेस्ट्री मार्केट, यमुना बाजार, वासुदेव घाट, निगम बोध घाट, मयूर विहार और कश्मीरी गेट समेत शहर के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात हैं। शुक्रवार को सिविल लाइंस के स्वामीनारायण मंदिर परिसर में 5 फीट तक पानी भर गया था।

उत्तर प्रदेश के मथुरा में 20 से ज्यादा कॉलोनियों में यमुना का पानी घुस गया है। आगरा में ताज महल की बाउंड्री तक यमुना का पानी पहुंच गया है। इसके पीछे बना पार्क डूब गया है। शुक्रवार को शहर में तेज बारिश से 50 से ज्यादा सड़कों पर 4 फीट तक पानी भर गया। इससे बाइक-कार डूब गई।

उत्तराखंड में शनिवार से चार धाम यात्रा फिर से शुरू हो गई है। सरकार ने खराब मौसम और लगातार बारिश के कारण 1 से 5 सितंबर के बीच यात्रा रोकी दी थी। आज से चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू किया गया है।


जम्मू के पुलवामा में सेब के बागान बाढ़ में डूब गए हैं।

### 5 दिन से बंद चारधाम यात्रा शुरू



### अन्य राज्यों में बारिश के हालात...

**पंजाब :** 23 जिलों के 1900 गांव लगभग 12 दिनों से बाढ़ की चपेट में हैं। इससे 3.84 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य में अब तक 43 लोगों की जान जा चुकी है। करीब 1.72 लाख हेक्टेयर में लगी फसल बर्बाद हो गई है। पंजाब में अगले 4 दिनों तक बारिश का अलर्ट नहीं है। इससे बाढ़ से राहत की संभावना है।

**जम्मू-कश्मीर :** लैंडस्लाइड के कारण जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग और सिंथन रोड वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं। कठुआ से कश्मीर तक करीब 3700 से ज्यादा वाहन फंस गए हैं। श्रीनगर और बडगाम में भारी बारिश के बाद कई इलाकों में पानी भर गया। माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार 11 दिन से बंद है। 26 अगस्त को हुए भूस्खलन के बाद यात्रा स्थगित कर दी गई थी।

**गुजरात :** सूरत और वडोदरा जिलों में लगातार हो रही भारी बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। नर्मदा और किम नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने से बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। प्रशासन ने निचले इलाकों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

### हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन अब तक 360 लोगों की मौत

हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन में मरने वालों की संख्या 360 तक पहुंच गई है। इसमें 197 लोगों की मौत बारिश, बाढ़ या लैंडस्लाइड और 163 लोगों की मौत सड़क हादसों में हुई। SDMA ने शनिवार को अपनी सुबह की रिपोर्ट में बताया कि राज्य में तीन राष्ट्रीय नेशनल हाईवे (NH-03, NH-305, और NH-505) सहित 1,001 सड़कें बादल फटने, लैंडस्लाइड और अचानक आई बाढ़ के कारण बंद हैं। पिछले 24 घंटों में हुई भारी बारिश के कारण कई जिलों में सड़कें फिर से बंद हो गई हैं। कुल्लू में 225, मंडी में 205, शिमला में 212 और चंबा में 166 सड़कें सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

### वैष्णो देवी यात्रा लगातार 12वें दिन भी स्थगित



जम्मू-कश्मीर के कटरा में भारी बारिश के कारण वैष्णो देवी यात्रा शनिवार को लगातार 12वें दिन स्थगित है। वैष्णो देवी मार्ग पर 26 अगस्त को लैंडस्लाइड होने के बाद यात्रा स्थगित कर दी गई थी। कटरा जाने वाली ट्रेनें अभी भी कैंसिल हैं। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की तरफ से यात्रा शुरू होने को लेकर कोई ताजा अपडेट सामने नहीं आया है।

## ट्रम्प बोले- भारत के साथ रिश्ते रीसेट करने को तैयार,कहा- हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा

### पीएम ने कहा- उनके विचारों की सराहना करता हूं



**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शुक्रवार को भारत के खिलाफ दिए गए अपने बयान पर करीब 12 घंटों के अंदर ही बैकफुट पर चले गए। उन्होंने शाम 6-7 बजे के बीच व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक सवाल पर कहा- मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा। भारत के साथ संबंधों को रीसेट करने के लिए हमेशा तैयार हूं। इससे पहले शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे उन्होंने सोशल मीडिया ट्रुथ पर लिखा था, ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। उम्मीद है उनका भविष्य अच्छा होगा। वहीं, शनिवार को 9:45 बजे पीएम मोदी ने ट्रम्प के बयान को शेयर करते हुए ङ्ग पर लिखा- राष्ट्रपति ट्रम्प की भावनाओं और हमारे संबंधों को लेकर उनके विचारों की तहे दिल से सराहना करता हूं और उनका पूर्ण समर्थन करता हूं। उन्होंने कहा- भारत-अमेरिका के बीच एक पॉजिटिव और दूरदर्शी रणनीतिक साझेदारी है। प्रेस ब्रीफिंग में ट्रम्प ने भारत और दूसरे देशों के साथ चल रही व्यापार बातचीत को अच्छा बताया, लेकिन यूरोपीय संघ (EU) के गूगल पर 3.5 अरब डॉलर का जुर्माना लगाने पर नाराजगी जताई।

इसके अलावा उन्होंने साफ किया कि वे भारत के रूसी तेल खरीदने के कारण निराश हैं। उन्होंने कहा- हमने भारत पर इसके लिए 50% का भारी टैरिफ लगाया है।

### जयशंकर बोले- मोदी अमेरिका के साथ साझेदारी को खास महत्व देते हैं

पीएम मोदी की ट्रम्प को लेकर दिए प्रतिक्रिया पर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, पीएम मोदी अमेरिका के साथ हमारी साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं। जहां तक राष्ट्रपति ट्रम्प का सवाल है, उनके (पीएम मोदी) ट्रम्प के साथ हमेशा से बहुत अच्छे व्यक्तिगत रिश्ते रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा- फिलहाल मुद्दा यह है कि हम अमेरिका के साथ जुड़े हुए हैं। जयशंकर ने इससे ज्यादा कुछ भी कहने से इनकार किया।

**पूर्व अमेरिकी ह्रस्न बोले थे- ट्रम्प-मोदी की दोस्ती खत्म-** ट्रम्प की टिप्पणी से पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने 4 सितंबर को कहा था कि ट्रम्प और क्कनरेंद्र मोदी के बीच पहले की खास दोस्ती अब खत्म हो चुकी है। ब्रिटिश मीडिया LBC को दिए इंटरव्यू में बोल्टन ने ट्रम्प की नीति की आलोचना करते हुए कहा था, व्हाइट हाउस ने अमेरिका-भारत संबंधों को दशकों पीछे धकेल दिया, जिससे मोदी रूस और चीन के करीब आ गए। चीन ने खुद को अमेरिका और ट्रम्प के विकल्प के रूप में पेश किया है। बोल्टन ने इसे एक बड़ी गलती है बताया था। उन्होंने कहा- इसे अब ठीक नहीं किया जा सकता, क्योंकि स्थिति बहुत खराब हो चुकी है।

## कांग्रेस ने पूछा- क्या आम जनता को जीएसटी दर कटौती का लाभ मिल पाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कटौती के फैसले के बाद कांग्रेस ने कारपोरेट कंपनियों की मुनाफाखोरी रोकने की जरूरत पर बल देते हुए सवाल किया है कि क्या इसका लाभ वास्तव में आम लोगों तक पहुंचेगा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जीएसटी में कार्पोरेट कंपनियों की मुनाफाखोरी रोकने और आम आदमी को फायदा पहुंचाने के लिए बनाए गए राष्ट्रीय मुनाफाखोरी निरोधक प्राधिकरण (एनएए) को खत्म करने का जिक्र करते हुए सरकार से कम हुई दरों का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने की मांग की। उन्होंने सरकार से इसके लिए ठोस कदम उठाने की मांग की, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि राहत आम जनता तक पहुंचे, न कि केवल कुछ खास लोगों तक सीमित रहे।

जयराम रमेश ने कहा कि केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 171 के तहत एनएए की स्थापना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि जीएसटी दरों में कटौती से उपभोक्ता कीमतों में कमी आए और कॉर्पोरेट कंपनियों की मुनाफाखोरी पर अंकुश लगे। हालांकि, 30 सितंबर, 2024 को केंद्र सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर 1 अप्रैल, 2025 से एनएए को लगभग समाप्त कर दिया। रमेश ने कहा कि एनएए के समाप्त



होने के बाद अब यह कैसे सुनिश्चित होगा कि जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम लोगों तक पहुंचे। क्या एनएए को नया जीवन मिलेगा या सरकार कोई अन्य व्यवस्था करेगी उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 171 के तहत, व्यवसायों को जीएसटी दरों में कटौती या इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाना अनिवार्य था। इसके लिए राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण (एनएए) की स्थापना 2017 में की गई, जो 2022 तक सक्रिय रहा। इस दौरान एनएए ने हिंदुस्तान यूनिलीवर, ज्यूबिलेंट फूडवर्क्स और मैकडॉनल्ड्स जैसी कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की। हालांकि 2022 में एनएए को समाप्त कर दिया गया और 1 अक्टूबर, 2024 से मुनाफाखोरी के मामले जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल (जीएसटीएटी) को सौंपे गए। 1 अप्रैल, 2025 से मुनाफाखोरी की शिकायतें स्वीकार करना बंद कर दिया गया, क्योंकि सरकार का मानना है कि जीएसटी प्रणाली स्थिर हो चुकी है।




## गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ....

### मुंबई में ढोल-ताशों के बीच दी गई बप्पा को विदाई

**मुंबई, एजेंसी।** अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर शनिवार को मुंबई की सड़कों पर ढोल-ताशों की गूंज, रंग-बिरंगे गुलाल और भक्तों की भीड़ ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। भारी बारिश के बावजूद सैकड़ों लोग बड़ी श्रद्धा से गणेश विसर्जन यात्रा में हिस्सा ले रहे हैं और प्यारे बप्पा को विदाई दे रहे हैं। मुंबई के लालबाग इलाके में प्रसिद्ध तेजुकायाचा राजा, गणेश गली और कई अन्य मंडलों की प्रतिमाएं विसर्जन के लिए पंडालों से निकलीं। हर तरफ गणपति बप्पा मोरया, अगले साल जल्दी आना के जयकारे गूंज रहे थे।

**रंगमय हुआ पूरा शहर, रंगोली और पुष्पवर्षा का अनोखा संगम :**मुंबई के सड़कों पर जहां-जहां से विसर्जन यात्राएं गुजर रही थीं, वहां रंगोली से सजावट की गई थी। लालबाग के श्रॉफ बिल्डिंग के पास परंपरागत पुष्पवर्षा (फूलों की वर्षा) की गई। लोग सड़क के दोनों ओर लाइन लगाकर बप्पा के दर्शन का इंतजार कर रहे थे। हालांकि अभी तक मुंबई का सबसे प्रसिद्ध गणपति लालबागचा राजा की विसर्जन यात्रा अभी शुरू नहीं हुई थी। अभी तक की मिली जानकारी के अनुसार अंतिम तैयारियां चल रही थीं और प्रतिमा गिरगांव चौपाटी के लिए रवाना होगी।

**गिरगांव चौपाटी पर जुटे हजारों श्रद्धालु :**गिरगांव चौपाटी की ओर जाने वाले रास्तों पर भी हजारों की भीड़ मौजूद थी। यहां फोर्ट, गिरगांव, माझगांव, बायकुला, दादर, माटुंगा, सायन, चेंबूर और अन्य इलाकों की प्रमुख गणेश प्रतिमाएं पहुंचती हैं। इतना ही नहीं पूरे मुंबई में गणपति बप्पा को विदा करते समय लोगों के चेहरों पर उत्साह साफ नजर आ रहा था। ढोल-ताशों की थाप, नाच-गाने और गुलाल से पूरा शहर गणेश भक्ति में डूबा हुआ था।

## ऑपरेशन सिंदूर ने तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और एकीकरण दिखाया, चेन्नई में बोले वायुसेना प्रमुख

**चेन्नई, एजेंसी।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने शनिवार को चेन्नई में अधिकारी कैडेटों के पासिंग आउट समारोह में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायु सेना, नौसेना और थल सेना के बीच समन्वय की सराहना की। भारतीय सेना के अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में शॉर्ट सर्विस कमीशन के स्नातक अधिकारियों को संबोधित करते हुए एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने तीनों सेनाओं के बीच असाधारण समन्वय, सशस्त्र बलों और अन्य एजेंसियों के भीतर तालमेल और एकीकरण को प्रदर्शित किया है। जैसे-जैसे आप सेवा में आगे बढ़ते हैं, आपको एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाते रहना चाहिए। इस साल अप्रैल में



पहलगाम आतंकी हमले में दहशतगर्दों ने कम से कम 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर (पीओजेके) में आतंकी ढांचों पर सटीक हमले किए थे। इसके बाद हुए पाकिस्तानी आक्रमण के हर प्रयास को हमारी सेनाओं ने विफल कर दिया था। हमारे सशस्त्र बलों ने पाकिस्तानी हवाई ठिकानों पर भी जवाबी हमले किए थे और उनकी कमर तोड़ दी थी। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने स्नातक कैडेटों के प्रशिक्षण में विश्वास व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि आपके प्रशिक्षण ने आपको अधिकारी और नेतृत्वकर्ता के रूप में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और अनुशासन से सुसज्जित किया है।

### हमेशा एक अच्छा इंसान बनने का प्रयास करें

वायु सेना प्रमुख ने कहा कि अपनी वर्दी को गर्व और उद्देश्य के साथ पहनें, आगे बढ़कर नेतृत्व करें और अपने माता-पिता द्वारा आपको सिखाए गए मूल मूल्यों को हमेशा याद रखें, क्योंकि ये आपके करियर के साथ-साथ जीवन में भी आपके मार्गदर्शक प्रकाशस्तंभ होंगे। हमेशा याद रखें, हम पहले इंसान हैं, फिर नागरिक और उसके बाद सैनिक। इसलिए हमेशा एक अच्छा इंसान बनने का प्रयास करें।

### मुंबई में ब्लास्ट की धमकी, आरोपी नोएडा से गिरफ्तार

## बिहार का रहने वाला; वॉट्सएप पर लिखा था- 34 गाड़ियों में 400 किलो विस्फोटक लगाया

**नोएडा/मुंबई,एजेंसी।** मुंबई में गणेश उत्सव के बीच ब्लास्ट की धमकी देने वाले शख्स को उत्तर प्रदेश के नोएडा से शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। 50 साल के आरोपी का नाम अश्विन कुमार सुप्रा है। बिहार के पटना का रहने वाला है और पिछले 5 साल से नोएडा में रह कर ज्योतिष और वास्तु शास्त्र का काम करता था।

आरोपी ने गुरुवार देर रात मुंबई पुलिस को वॉट्सएप पर धमकी भरा मैसेज भेजा था। उसने लिखा था, लश्कर-ए-जिहादी के 14 आतंकी मुंबई में घुस चुके हैं। आतंकियों ने 400 किलो RDX 34 गाड़ियों में फिट कर दिया है। वे बड़ा ब्लास्ट करने वाले हैं, जिससे एक करोड़ लोगों की मौत हो सकती है।



धमकी मिलते ही मुंबई पुलिस ने हाईअलर्ट घोषित कर दिया और क्राइम ब्रांच को जांच सौंपी। एंटी-टेररिज्म स्क्वॉड (ATS) और अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट थी। जांच के बाद मुंबई क्राइम ब्रांच नोएडा पहुंची और सेक्टर-79 की सोसाइटी से आरोपी को गिरफ्तार किया।

**आरोपी का मोबाइल जब्त, मुंबई ले जाया गया :** क्राइम ब्रांच आरोपी को नोएडा से मुंबई ले गई है। पुलिस ने आरोपी का फोन और सिम कार्ड जब्त कर लिया है।। इसके अलावा उसके पास से 4 सिम कार्ड होल्डर, 6 मेमोरी कार्ड होल्डर, एक सिम स्लॉट एक्सटर्नल, दो डिजिटल कार्ड बरामद हुए हैं।

सूत्रों के मुताबिक, अश्विन ने पूछताछ में मुंबई पुलिस को बताया कि साल 2023 में वह फ्रॉड के एक केस में पटना के जेल में तीन महीने रहा था। तब फिरोज नाम के एक व्यक्ति ने उसके खिलाफ शिकायत की थी।

## तिहाड़ में सांसद इंजीनियर राशिद से मारपीट, अवामी इत्तेहाद पार्टी ने बताया हमला




**नई दिल्ली, एजेंसी।** बारामूला से सांसद इंजीनियर राशिद पर तिहाड़ जेल में मारपीट की खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राशिद पर तिहाड़ में हमले की कोशिश हुई है। वहीं, अवामी इत्तेहाद पार्टी का दावा है कि इंजीनियर राशिद पर जानलेवा हमला हुआ है जिसमें किन्नर शामिल थे।

राशिद ने अपने वकील जावेद हुब्बी से कहा कि तिहाड़ जेल प्रशासन ने कश्मीरी कैदियों को परेशान करने के नए तरीके ईजाद किए हैं। जानबूझकर उनके बैरकों में किन्नरों को रखा जाता है। उन्हें भड़काने, हमला करने और शत्रुतापूर्ण माहौल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) के बयान के मुताबिक, वकील ने जेल में राशिद से मुलाकात के बाद दावा किया कि इंजीनियर राशिद पर उस समय जानलेवा हमला हुआ जब किन्नरों के एक समूह ने उन्हें धक्का देकर गेट उन पर गिरा दिया। वो किसी तरह बच गए। यह घातक साबित हो सकता था। यह उन्हें नुकसान पहुंचाने की सुनियोजित कोशिश से कम नहीं है।

यह बात स्पष्ट नहीं हो पाई है कि सांसद इंजीनियर पर साजिशन हमला हुआ है या किसी तरह की मारपीट। हालांकि जेल प्रेशासन ने इस तरह की किसी भी घटना से इनकार किया है।

## वाहन चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने संगठित वाहन चोरी सिंडिकेट का पर्दाफाश कर एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपित चांद बाग, दिल्ली से पकड़ा गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से दो चोरी की गई गाड़ियां, डुप्लीकेट चाबियां और एक ऑन-बोर्ड डायग्नोस्टिक (ओबीडी) स्कैनर बरामद किया है। जिसका इस्तेमाल चोरी की गाड़ियों की नकली चाबियां बनाने में किया जाता था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी संजय यादव ने शनिवार को बताया कि जांच में सामने आया है कि यह गिरोह दुबई में बैठे कुख्यात अपराधी अमीर पाशा द्वारा संचालित किया जा रहा है। पाशा का गैंग दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई हिस्सों में लग्जरी गाड़ियों की चोरी करता है। गैंग के सदस्य कंप्यूटर आधारित स्कैनिंग डिवाइस और की-प्रोग्रामिंग मशीन की मदद से गाड़ियों का ईसीएम कोड हैक कर नई चाबी तैयार कर लेते थे। अब तक की जांच में इस गिरोह के 9 सदस्य गिरफ्तार किए जा चुके हैं और 17 चोरी की गाड़ियां बरामद हुई हैं।

डीसीपी के अनुसार विकासपुरी इलाके से चोरी हुई एक गाड़ी की जांच क्राइम ब्रांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि आरोपित मुस्तफाबाद में छुपा हुआ है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने आरोपित को गिरफ्तार किया। जांच में आरोपित की पहचान चांद बाग निवासी रिजवान (27) के रूप में हुई। पुलिस अधिकारी के अनुसार पकड़ा गया आरोपित रिजवान पहले से ही वाहन चोरी और एटीएम चोरी के 4 मामलों में वांछित है। वह अपने सौतेले पिता ताज मोहम्मद और अफज़ाल के साथ मिलकर अब तक 25-30 गाड़ियां चोरी कर चुका है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

## नशे का सामान देने से मना करने पर किशोर की हत्या, पुलिस ने दो नाबालिग समेत पांच आरोपियों को पकड़ा

**दिल्ली, एजेंसी।** रोहिणी नार्थ थाना पुलिस ने नशे का सामान देने से मना करने पर कूड़ा बीनने वाले 15 साल के किशोर की चाकू से हमला कर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने दो नाबालिग समेत पांच आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चाकू, वारदात में इस्तेमाल बाइक और वारदात के समय पहने कपड़े बरामद किए हैं। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव रंजन ने बताया कि 25 अगस्त की तड़के 4.41 बजे पुलिस को रोहिणी सेक्टर सात आठ डिवाइडिंग रोड पर एक 15 साल के लड़के के लहूलुहान हालत में पड़े होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस उसे पास के अंबेडकर अस्पताल ले गई। पीड़ित काव्यान ने बताया कि तीन चार लड़कों ने उसपर हमला किया था। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास करीब 15 किलोमीटर की दूरी में लगे लगभग 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। सीसीटीवी कैमरे के जरिए पुलिस ने एक बाइक की पहचान की। बाइक शाहबाद डेयरी के आयुष के नाम पर पंजीकृत थी। पुलिस ने उसके घर पर दबिश दी, लेकिन वह गायब मिला। बाद में पुलिस ने उसे नारायणा बस डिपो से गिरफ्तार कर लिया। उसने बताया कि वारदात में आरोपियों ने उसकी बाइक का इस्तेमाल किया था। आयुष ने वारदात में शामिल आरोपियों के नाम बताए जो सभी बिहार भाग गए थे। पुलिस की टीम ने बिहार के सुपौल, दरभंगा में छापा मारकर चार आरोपियों को पकड़ा। इनमें दो नाबालिग थे। जबकि अन्य दो की पहचान प्रशांत और सुधांशु उर्फ मोनू के रूप में हुई।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 24 अगस्त की रात वह रोहिणी के एक होटल में जन्मदिन की पार्टी कर रहे थे। देर रात करीब 3.30 बजे सुधांशु, दो नाबालिग आयुष की बाइक लेकर एम2के से कोल्ड ड्रिंक और स्नैक्स खरीदने के लिए निकले। सेक्टर सात आठ के डिवाइडिंग रोड के पास उन्हें कूड़ा बीनने वाला काव्यान मिला। उससे आरोपियों ने गांजा देने के लिए कहा। उसके इनकार करने पर मारपीट की। इस बीच एक नाबालिग ने उसके गले पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुधांशु पर पहले से शाहबाद डेयरी थाने में लूटपाट का मामला दर्ज है।

# इंस्पेक्टर और सब-इंस्पेक्टर की बढ़ेगी सैलरी नए पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने दिए संकेत

**दिल्ली, एजेंसी।** नए पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर व सब-इंस्पेक्टर (एसआई) का ग्रेड बढ़वाना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने कवायाद शुरू कर दी है। पुलिस आयुक्त सचिवालय की ओर से दिल्ली सरकार के पत्र लिखा गया है जिसमें इंस्पेक्टर व एसआई को सी ग्रेड से बी ग्रेड में करने का निवेदन किया गया है। ग्रेड बढ़ने से दिल्ली पुलिस के इन रैंक के अधिकारियों की तनख्वाह में बढ़ोतरी होगी।

दिल्ली पुलिस सचिवालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने इस मुद्दे पर शुक्रवार को अपने अधिनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक की। उसमें दिल्ली पुलिस मुख्यालय व एचआरडी से जुड़े ज्यादातर अधिकारी मौजूद थे।

इस दौरान इंस्पेक्टर व एसआई स्तर के अधिकारियों के ग्रेड बढ़ाने और पिछले दो पे कमीशन के अनुसार सैलरी दिलवाने की कवायद को तेज करना तय हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस के एसआई व इंस्पेक्टर सी ग्रेड में आते हैं। उनका पे स्केल 4600 रुपये बताया जा रहा है। सी ग्रेड में पी स्केल होने के कारण 10 साल में 4800 का स्केल मिलना शुरू होता है। अगर ये अधिकारी बी ग्रेड में होते तो चार साल बाद ही 5400 का पे स्केल मिलना शुरू हो जाता है।

बताया कि देश की ज्यादातर पुलिस व अर्द्धसैनिक बल, सीबीआई व दिल्ली सरकार के इस स्तर के अधिकारियों को ज्यादा सैलरी मिलती है। साथ ही इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी राजपत्रित अधिकारी की श्रेणी में आते हैं। दिल्ली पुलिस के एसआई व इंस्पेक्टर को कम सैलरी मिलती है। साथ ही उन्हें दो पे कमीशन के हिसाब से भी सैलरी नहीं मिलती।

**वर्ष 1986 में किया गया था प्रयास**



दिल्ली पुलिस के पूर्व प्रवक्ता राजन भगत ने बताया कि दिल्ली पुलिस के एसआई, इंस्पेक्टर व डीएसपी की सैलरी यानि चौथे पे कमीशन के हिसाब से पद देने के लिए प्रयास किए गए थे। उस समय राजीव गांधी प्रधानमंत्री व बूटा सिंह गृहमंत्री थे। तभी दिल्ली पुलिस का एक डेलीगेशन उनसे मिलने गया था। इस डेलीगेशन में पुलिस आयुक्त वेद मारवाह, एडिशनल पुलिस आयुक्त गौतम कॉल (प्रधानमंत्री राजीव गांधी की बुआ के लड़के), पुलिस उपायुक्त अमोद कंठ व किरण बेदी व इंस्पेक्टर राजन भगत शामिल थे। मुलाकात के दौरान एसआई व इंस्पेक्टर की सैलरी बढ़ा दी गई थी। मगर तब प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर राजघाट पर गोली चलने से यह मामला अटक गया था।

डीएसपी बनने पर 3000 रुपये का घाटा होता था पूर्व प्रवक्ता राजन भगत ने बताया कि चौथा पे कमीशन 1986 में आया था। तब से लेकर अब तक किसी ने ग्रेड व सैलरी बढ़ाने का प्रयास नहीं किया। 1986 में कुछ विसंगतियां रह गई थीं। तब डीएसपी बनने पर 3000 रुपये का घाटा होता था।

## दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने यमुना के बढ़ते जलस्तर पर जनता से की अपील



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली में लगातार हो रही बारिश और हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से छोड़े जा रहे पानी के कारण यमुना का जलस्तर बढ़ने पर शनिवार को प्रदेश की जनता से शांति और धैर्य बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और जनता को किसी भी प्रकार की अफवाहों से घबराने की जरूरत नहीं है।

वीरेंद्र सचदेवा ने आज एक बयान में बताया कि यमुना के बढ़ते जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। पुलिस, बाढ़ नियंत्रण विभाग और आपदा प्रबंधन टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि खतरे वाले क्षेत्रों में राहत शिविर तैयार किए गए हैं और जरूरत पड़ने पर प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाएगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोगों की सहायता के हर सम्भव कार्य कर रही है। केंद्र सरकार के साथ मिलकर राहत और बचाव के कार्य किए जा रहें ताकि जनता को किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता दिल्ली की जनता के सहयोग से लगातार राहत सामग्री जुटाकर जरूरतमंदों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

सचदेवा ने दिल्ली की जनता को भरोसा दिलाया कि किसी भी स्थिति में घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के साथ खड़ी है और हर संभव मदद के लिए तत्पर है। सबको मिलकर इस स्थिति का सामना करना होगा।

उल्लेखनीय है कि यमुना का जलस्तर पर सरकार लगातार निगरानी कर रही है और यमुना के घटते जलस्तर को देखते हुए उम्मीद है कि स्थिति जल्द ही नियंत्रण में आ जाएगी।

## मकोका मामले में नरेश बाल्यान और अन्य आरोपितों की न्यायिक हिरासत 15 सितंबर तक बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज दिग्विनय सिंह ने मकोका मामले में आम आदमी पार्टी नेता नरेश बाल्यान समेत सभी नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत 15 सितंबर तक बढ़ा दी है।




सुनवाई के दौरान शनिवार को इस मामले के सभी आरोपित वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया कि वो आरोपितों को केस से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराएं। कोर्ट आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने पर 15 सितंबर को सुनवाई करेगा। कोर्ट ने 15 जुलाई को दिल्ली पुलिस की ओर से दायर तीसरे पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। दिल्ली पुलिस के तीसरे चार्जशीट में विकास गहलोत की पत्नी विनीता पर आरोप लगाया है कि उसने 17 अप्रैल को अपने पति के निर्देश पर उसके घर से एक रिश्तेदार के घर पर हथियारों को पहुंचवाया था। दिल्ली पुलिस ने इन हथियारों को विकास गहलोत के रिश्तेदार के घर से बरामद किया था।

इसके पहले कोर्ट ने 27 मई को नरेश बाल्यान की इस मामले में दायर दूसरी जमानत याचिका को खारिज कर दी थी। कोर्ट ने नरेश बाल्यान के अलावा जिन आरोपितों के खिलाफ दाखिल पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया था उनमें साहिल ऊर्फ पोली, विजय ऊर्फ कालू और ज्योति प्रकाश ऊर्फ बाबा शामिल हैं। कोर्ट ने इन आरोपितों के खिलाफ मकोका की धारा 3 और 4 के तहत संज्ञान लिया है। कोर्ट ने 24 फरवरी को आरोपित रितिक पीटर के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया था।

वसूली के मामले में 4 दिसंबर, 2024 को नरेश बाल्यान को जमानत मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने मकोका के मामले में गिरफ्तार कर लिया था। दिल्ली पुलिस ने वसूली के मामले में नरेश बाल्यान को 30 नवंबर, 2024 की रात में गिरफ्तार किया था। इससे पहले भाजपा ने नरेश बाल्यान का एक ऑडियो क्लिप जारी किया था जिसमें गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू और बाल्यान के बीच बातचीत थी।

## बांग्लादेश में ईद-ए-मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान हादसा, दो की मौत, नूरल पगला की दरगाह पर हमला

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में ईद-ए-मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में जश्न-ए-जुलूस के दौरान आज हुए हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। यह हादसा बंदरगाह शहर चटगांव में हुआ। इसके अलावा ईद-ए-मिलादुन्नबी की पूर्व संध्या पर शुक्रवार रात राजबाड़ी स्थित नूरल पगला की दरगाह पर हमले के बाद तनाव के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। इस संबंध 3500 अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार को बंदरगाह शहर चटगांव में ईद-ए-मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में निकाले गए जश्न-ए-जुलूस के दौरान अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गई और दस अन्य घायल हो गए। मृतकों में से एक की पहचान अगराबाद सीडीए क्षेत्र के शमसुल हक के 35 वर्षीय पुत्र महफूज के रूप में हुई है। चश्मदीदों के हवाले से चटगांव मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पुलिस शिविर के प्रभारी नूरुल आलम आशिक ने बताया कि मुरादपुर इलाके में जश्न-ए-जुलूस के जुलूस मची



भगदड़ में महफूज गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। मोहम्मदपुर शोलोशोहोर इलाके में एक छोटा पुल ढह जाने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई और दस अन्य घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, राजबाड़ी स्थित नूरल पगला की दरगाह पर शुक्रवार रात हुए हमले के सिलसिले में 3,500 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ग्वालंदा घाट पुलिस स्टेशन के सब इंस्पेक्टर सलीम मोल्ला ने आधी रात को 3,500 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। थाना प्रभारी रकीबुल इस्लाम ने बताया कि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। दरगाह के आसपास के इलाके में तनाव व्याप्त है। अशांति को रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान आजाद मुल्ला के बेटे रसेल मुल्ला के रूप में हुई है।

## ट्रंप ने माना रूस यूक्रेन युद्ध रोकने में रहे असफल, कहा- नहीं कर पाया अपना वादा पूरा



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से संघर्ष चल रहा है और अभी भी इसके थमने के फिलहाल कोई आसार नहीं है। कारण है कि पिछले दिनों इस संघर्ष को खत्म करने के सभी प्रयास विफल होते दिख रहे है। ऐसे में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि वह अपने एक बड़े चुनावी वादे को पूरा नहीं कर सके। ट्रंप ने माना कि वह रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को रोकने में नाकाम रहे हैं, जिसे उन्होंने अपने कार्यकाल का सबसे कठिन संघर्ष बताया।

ट्रंप ने ये बात व्हाइट हाउस के नए नवीनीकरण के बाद आयोजित पहले आधिकारिक डिनर पर कही। इस दौरान ट्रंप ने ये भी दावा किया कि उन्होंने दुनिया के कई पुराने युद्धों को खत्म किया है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकना सबसे बड़ी चुनौती बन गया। इस डिनर में अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य और अन्य वरिष्ठ मेहमान मौजूद थे।

**पुतिन के साथ अच्छी बातचीत, लेकिन:** ट्रंप ने आगे कहा कि मैंने सोचा था रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकना सबसे आसान होगा, क्योंकि मेरी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से अच्छे संबध है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह सबसे मुश्किल निकला। उन्होंने यह भी कहा कि उनके कार्यकाल में कि एक युद्ध जो 31 साल से चल रहा था, 2 घंटे में खत्म हुआ, दूसरा 35 साल, और तीसरा 37 साल पुराना संघर्ष भी उन्होंने सुलझा लिया। बता दें कि ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया था कि वे सत्ता में आते ही 24 घंटे में रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कर देंगे, लेकिन अब तक कोई बड़ी सफलता नहीं मिली है।

# नेपाल में सोशल मीडिया बैन पर सियासी तूफान, नेताओं ने देश की सरकार को घेरा

**काठमांडो, एजेंसी।** नेपाल सरकार द्वारा फेसबुक समेत 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बंद किए जाने के फैसले पर देश भर में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। विपक्षी दलों से लेकर सत्ताधारी नेताओं तक ने इस कदम को संविधान विरोधी और जनविरोधी बताते हुए विरोध जताया है। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री एवं माओवादी अध्यक्ष पुष्पकमल दहल ने सरकार पर आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से हो रही आलोचना को दबाने के लिए सरकार ने सोशल मीडिया बंद करने का निर्णय लिया है। उन्होंने सरकार के इस कदम की आलोचना करते हुए कहा, यह कदम केवल संविधान विरोधी, अलोकतांत्रिक और जनविरोधी ही नहीं है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सोशल मीडिया पर प्रकाशन और प्रसारण सम्बन्धी दिए गए आदेश की गलत व्याख्या भी है। हालाँकि, दाहाल स्वयं जब प्रधानमंत्री थे, तब उनकी सरकार ने सामाजिक सद्भाव बिगड़ने का हवाला देते हुए टिकटॉक बंद करने का निर्णय लिया था। इसी तरह राष्ट्रिय स्वतंत्र



पार्टी के उपाध्यक्ष और सांसद स्वर्णिम वाग्ले ने कहा कि सोशल मीडिया बंद करना अधिनायकवाद का संकेत है। रामेछाप जिला के मन्थली में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, आज के डिजिटल युग में सूचना प्रवाह रोकने की कोशिश सूर्य को हथेली से ढकने जैसी है। उनका कहना था कि जनता के दबाव और विरोध के कारण सरकार इस निर्णय को लागू नहीं कर पाएगी। पूर्व प्रधानमंत्री तथा नेपाल समाजवादी पार्टी (नया शक्ति) के अध्यक्ष बाबुराम भट्टराई ने कहा कि कर के दायरे में आ चुके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को सूचीबद्ध न होने के आधार पर बंद करना गलत है। उनके अनुसार, राज्य आवश्यकतानुसार नियमन कर सकता है, लेकिन इंटरनेट और एआई ने सीमाएं पार कर ली हैं, ऐसे में पुरानी शैली से रोकना उचित नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री भट्टराई ने आगे कहा कहा, अगर सोशल मीडिया कंपनियां कर अदा कर रही हैं तो केवल अभिव्यक्ति को नियंत्रित करने के लिए उन्हें पुनः पंजीकरण कराना तर्क संगत नहीं है। यह फैसला अनावश्यक है, इससे अधिकार पर खतरा आएगा। सत्ताधारी नेपाली कांग्रेस पार्टी के नेता शेखर कोइराला ने भी इस निर्णय का विरोध किया है । कोइराला ने कहा, जनता की अपेक्षाओं और अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा न कर पाने की वजह से आलोचना झेल रही सरकार अब सोशल मीडिया बंद करने जा रही है। क्या सरकार ने सोचा है कि इस निर्णय से कितने नेपाली अपनी रोज़ी-रोटी से वंचित होंगे? मैं आग्रह करता हूं कि इस कदम को तुरन्त वापस लिया जाए और सोशल मीडिया को मर्यादित करने के लिए कानूनी प्रावधान बनाया जाए। इसी तरह, सत्ताधारी नेपाली कांग्रेस के महामन्त्री गगन थापा ने भी कहा कि सरकार ने सोशल मीडिया बंद करके गलत रास्ता अपनाया है। उन्होंने सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की माँग की। थापा के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने केवल सोशल मीडिया पर होने वाले अनचाहे सामग्री के मूल्यांकन, निगरानी और दुरुपयोग रोकने के लिए कानूनी व्यवस्था बनाने को कहा था, बंद करने को नहीं।

इसी बीच, नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण के निर्देशन के बाद गुरुवार रात से ही फेसबुक के वेब पते (युआरएल) ब्लॉक कर दिए गए हैं। सूचीबद्ध न हुए 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को बंद करने का कार्य शुरू हो चुका है। इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के संगठन आइस्पन के प्रमुख कार्यकारी अधिकारी सुभास खड्का ने बताया कि सरकार के निर्देश के बाद यूआरएल ब्लॉक करना शुरू कर दिया गया है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार फिलहाल सूची में शामिल 26 प्लेटफॉर्म को बंद करने का काम चल रहा है। फेसबुक डॉट कॉम अब नेपाल में ब्राउज़र मे नहीं खुल रहा है ।

# वाहृय स्तोत्र विद्युत कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## विद्युत दुर्घटनाओं में रोकथाम, सुरक्षा सावधानियां तथा सुरक्षा उपकरणों के उपयोग के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** जिले में मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड संचारण संधारण संभाग सीधी के अंतर्गत कार्यरत वाहृय स्तोत्र विद्युत कर्मचारियों को विद्युत दुर्घटनाओं में रोकथाम, सुरक्षा सावधानियां तथा सुरक्षा उपकरणों के उपयोग के संबंध में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले भर से चिन्हित लगभग 200 वाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारियों को प्रशिक्षण में शामिल किया गया था।



प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा नियमों, सुरक्षा उपकरणों एवं संसाधनों के उपयोग, उपकेंद्र से परमिट लेने के नियम, कार्य स्थल पर सुरक्षा जोन बनाने संबंधी जानकारी इत्यादि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सीधी जिले के अधीक्षण अभियंता पंचराज तिवारी का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते हुए, उनके उद्बोधन से प्रारंभ हुआ। उक्त कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता वृत्त सीधी पंचराज तिवारी कार्यपालन अभियंता संचारण संधारण अजीत सिंह बघेल, क्षेत्रीय लेखा अधिकारी सीधी उपेन्द्र तिवारी, कनिष्ठ अभियंता शहर श्रीमती अनुराधा प्रकाश, कनिष्ठ अभियंता पंकज पांडे, शिव उजागर मिश्रा विनोद पटेल, कार्यालय सहायक व्ही एन सिंह, मृगेंद्र सिंह एवं वाय एल पटेल एवं अन्य कर्मचारी तथा वितरण केंद्र से आए हुए वाह्य श्रोत कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यपालन अभियंता संचारण संधारण अजीत सिंह बघेल के द्वारा दी गई। अधीक्षण अभियंता सीधी द्वारा सभी कर्मचारियों से विद्युत सुरक्षा सामग्री का उपयोग करते हुए सभी सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने की समझाइए दी गई, साथ ही यह भी कहा गया कि यदि किसी के द्वारा सुरक्षा नियमों की अनदेखी की जाएगी या लापरवाही पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी ।

सहायक अभियंता चुरहट ए एल तिवारी द्वारा विद्युत दुर्घटनाओं से रोकथाम सुरक्षा सावधानियां तथा सुरक्षा उपकरणों के उपयोग के संबंध में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया गया। सहायक अभियंता आर ई एस मनोज कोगे के द्वारा विद्युत उपकेंद्र में कार्य करते समय ली जाने वाली सावधानियां के संबंध में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कर्मचारियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसी प्रकार कनिष्ठ अभियंता शहर शिव जागरण मिश्रा एवं कनिष्ठ अभियंता सीधी ग्रामीण पंकज पांडे द्वारा फील्ड में सुरक्षा नियमों की पालन के संबंध में सभी कर्मचारियों से अपील की गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत कार्यपालन अभियंता सीधी अजीत सिंह बघेल द्वारा विद्युत वितरण प्रणाली में हो रहे ऊर्जा छति, फेल ट्रांसफार्मर की अभिलंब जानकारी देने, सही मीटर रीडिंग करने तथा विद्युत उपभोक्ताओं की केवाईसी/बैंक खाता विवरण इत्यादि बिलिंग प्रणाली में अपडेट करने की कार्रवाई को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश भी दिया गया। कार्यक्रम उपरांत प्राइम 1 आउटसोर्स कंपनी द्वारा सभी प्रतिभागियों को टी शर्ट का वितरण करते हुए उनको कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में कार्यपालन अभियंता अजीत सिंह बघेल ने सभी उपस्थित अधिकारियों, फील्ड से आए हुए सभी कर्मचारी, आउटसोर्स सेवा प्रदाता कंपनी के प्रतिनिधियों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार प्रकट किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी एवं जिला पंचायत के सभी कर्मचारी को विशेष धन्यवाद दिया जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

## 15 दिन से बिजली संकट में चितवरिया, जला ट्रांसफार्मर नहीं बदला; किसानों ने दिया धरना, फसलें सूखने का खतरा



**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** जिले की जनपद पंचायत सिहावल के चितवरिया गांव में पिछले 15 दिनों से बिजली नहीं है। गांव का ट्रांसफार्मर जल गया है। नया ट्रांसफार्मर न लगने से ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ गई हैं। बिजली न होने से खेतों की फसलें सूखने लगी हैं। मोबाइल फोन चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने शनिवार दोपहर सिहावल स्थित बिजली विभाग कार्यालय के बाहर धरना दिया।

किसान राम स्वयंवर पटेल ने कहा कि पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल से आश्वासन मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने चेतावनी दी है कि ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो उग्र आंदोलन करेंगे।

बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता अजीत सिंह ने बताया कि नया ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सर्वे पूरा हो गया है। जल्द ही गांव में नया ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा।

## जिरौहां विद्यालय में शिक्षक सम्मान एवं पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** जवा तहसील अंतर्गत माध्यमिक शाला जिरौहां में समाजसेवियों द्वारा शिक्षक सम्मान एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन जंगल बचाओ आंदोलन के संयोजक पर्यावरण विद बृजेंद्र कुमार पांडे के मुख्य अतिथि एवं युवा समाजसेवी अरुण सिंह (पिंटू) की अध्यक्षता तथा पंचशील सेवा संस्थान के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश सिंह यादव के विशिष्ट अतिथि में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन एवं मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।



तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद द्विवेदी, शिक्षक अवधेश प्रसाद मिश्रा, केशव प्रसाद साहू, संतोष आदिवासी, राम भजन वर्मा एवं अतिथि शिक्षक रागनी चौरसिया का हल्दी अक्षत चंदन से तिलक लगाकर पुष्प हार से स्वागत वंदन अभिनंदन कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के बच्चों को शिक्षा की महत्व को बदलते हुए जागृति पैदा करने हेतु प्रोत्साहित किया गया इस दौरान वृक्षों के महत्व के बारे में तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु बच्चों से संवाद किया गया तत्पश्चात अतिथियों द्वारा गुरुजनों एवं बच्चों के साथ पौधारोपण किया गया कार्यक्रम का संचालन अवधेश प्रसाद मिश्र द्वारा किया गया।

# अलौकिक आभा और सकारात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत रहा शिक्षक दिवस कार्यक्रम 'स्वर्णिम भारत के लिए नई शिक्षा'

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** ब्रह्मा कुमारीज इन्द्रानगर शाखा में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय रहा – स्वर्णिम भारत के लिए नई शिक्षा। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामनरेश पटेल ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के संघर्षों से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले ही नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाले सच्चे पथप्रदर्शक होते हैं। नई शिक्षा नीति तभी सार्थक होगी जब उसमें संस्कार और मूल्य शिक्षा का समावेश किया जाए।



अन्य वक्ता रक्षा श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षक का आचरण ही विद्यार्थियों के लिए सबसे बड़ा पाठ होता है। यदि हम चाहते हैं कि भारत पुनः स्वर्णिम बने तो शिक्षा में संस्कार एवं व्यवहारिक जीवन मूल्यों को स्थान देना आवश्यक है।

सविता मिश्रा ने कहा कि शिक्षक दिवस केवल सम्मान का दिन नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का अवसर भी है। ब्रह्मा कुमारीज संस्था सदैव मूल्य-आधारित शिक्षा और आध्यात्मिक जागृति के माध्यम से समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रही है। आज जरूरत है कि हर शिक्षक इस दिशा में कदम बढ़ाए।

डॉ. हरीशचंद्र द्विवेदी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ब्रह्मा कुमारीज संस्था से जुड़कर मैंने जाना कि शिक्षा तभी प्रभावी हो सकती है जब वह अध्यात्म और जीवन मूल्यों से जुड़ी हो। इस संस्था ने समाज में जागृति लाने और सकारात्मकता फैलाने का जो कार्य किया है, वह अनुकरणीय है।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में आरती बहन ने भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया और हिमांशी ने मनमोहक नृत्य कर वातावरण को भावविभोर कर दिया। बीके नीरू बहन ने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया और घोषणा की कि विशेष शिक्षकों के लिए 11 से 17 सितंबर तक राजयोग मेडिटेशन कोर्स आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जो शिक्षक राजयोग मेडिटेशन सीखना चाहेंगे, वे सुबह 9 से 10 बजे तथा शाम 5 से 6 बजे के बीच भाग ले सकते हैं।

वहीं बीके मीनाक्षी बहन ने कहा कि शिक्षक स्वयं दीपक की भांति जलकर समाज को प्रकाश देते हैं। शिक्षा तभी सार्थक है जब उसमें अध्यात्म और चरित्र निर्माण का समावेश हो। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को नशा मुक्त जीवन की प्रतिज्ञा कराई गई तथा 'जीवन हीरे तुल्य कैसे बने' पुस्तक भेंट की गई।

## श्रीराम दरबार अखिल आर्यावर्त के द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों का किया गया सम्मान



**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** 5 सितंबर को सामाजिक और धार्मिक संगठन श्रीराम दरबार अखिल आर्यावर्त के द्वारा शिक्षक दिवस के इस पावन अवसर पर सभी गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर सरकार (शिक्षक), विजय शुक्ल शिक्षक) एवं ऋषिकुमार तिवारी (शिक्षक) जो एक समर्पित और प्रेरणादायक शिक्षक हैं उनके असाधारण योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया है।

आदरणीय गुरुजनों के द्वारा छात्रों को जीवन के सही मूल्यों और एक जिम्मेदार नागरिक बनने की राह भी दिखाई है। उनके मार्गदर्शन में अनगिनत छात्रों ने अपने सपनों को साकार किया है और वे आज समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

यह सम्मान दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारे जीवन में शिक्षकों का कितना महत्व है और उनके बिना हम अपने जीवन में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं कर सकते।

यह सम्मान समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान और एक बेहतर भविष्य के निर्माण में उनके समर्पण को दर्शाता है। उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए यह छोटा सा सम्मान एक छोटा प्रयास है। हम उन्हें उनके अमूल्य योगदान के लिए हृदय से धन्यवाद देते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे हमेशा स्वस्थ रहें और अपना मार्गदर्शन हमें देते रहें।

## जिले में पहली बार पहुंची ट्रेन, रामपुर नैकिन स्टेशन पर सफल ट्रायल, ग्रामीणों ने किया स्वागत

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** जिले के इतिहास में शनिवार का दिन यादगार बन गया। पहली बार जिले की धरती पर ट्रेन पहुंची और रामपुर नैकिन स्टेशन पर सफल ट्रायल किया गया। शाम करीब 4 बजे ट्रेन के आगमन पर आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग जमा हुए।



यह रेल लाइन उत्तर प्रदेश के ललितपुर से सीधी होते हुए सिंगरौली तक जाएगी। अभी सीधी के ग्राम पड़खुरी तक पटरी बिछाने का काम पूरा हो चुका है। रेलवे विभाग ने शनिवार को इस खंड पर सफल ट्रायल किया।

जल्द ही सीधी से सिंगरौली और ललितपुर तक सीधी ट्रेन सेवा शुरू होगी। इससे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

स्थानीय निवासी अशोक तिवारी ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनके गांव तक ट्रेन पहुंचेगी। रेलवे जोन के जीएम सिद्धार्थ पटेल ने बताया कि ट्रायल का दौर जारी है। जल्द ही सीधी मुख्यालय तक ट्रेन पहुंचेगी। सीधी जिला अब तक रेल सुविधा से वंचित था। यहां के लोगों को रीवा या शहडोल जाना पड़ता था। रेलवे लाइन बिछने से यात्री सुविधाएं बढ़ेंगी। व्यापार और उद्योग को गति मिलेगी। किसानों की फसल और स्थानीय खनिज बड़े बाजारों तक आसानी से पहुंच सकेंगे।

## केशवाही पुलिस चौकी के सामने से एएसआई की बाइक चोरी, बाहर खड़ी बाइक स्टार्ट ले गया चोर; गाड़ी के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल ( निप्र )।** मध्य प्रदेश के शहडोल जिले की केशवाही पुलिस चौकी के बाहर से एक बाइक चोरी का मामला सामने आया। चौकी के सामने से ही एएसआई रामेश्वर पांडे की बाइक चोर उठा ले गया।



**केशवाही चौकी के बाहर खड़ी थी बाइक:** घटना के समय एएसआई पांडे अपनी बाइक चौकी के बाहर खड़ी कर अंदर काम कर रहे थे। इस दौरान एक युवक आया और चौकी के बाजू खड़ी बाइक स्टार्ट कर फरार हो गया। कुछ देर बाद जब एएसआई चौकी से बाहर निकले तो उनकी बाइक गायब थी।

**पुलिस ने की पहचान कर किया गिरफ्तार:** पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज किया और सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में आरोपी को चौकी से बाइक ले जाते हुए साफ देखा जा सकता था। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया और बाइक बरामद कर ली।

सूत्रों के अनुसार, जब यह मामला जिले के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा तो उन्होंने इसे दबाने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि जब पुलिस चौकी के सामने खड़ी एएसआई की बाइक सुरक्षित नहीं है, तो आम जनता कैसे सुरक्षित रह सकती है।

## विधायक की मेहनत रंग लाई, समितियों में पहुंची खाद



**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज की मेहनत रंग लाई, उनकी सीएम से चर्चा के बाद त्योंथर व जिले की विभिन्न समितियों में खाद पहुंच चुकी है।विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने गत दिनों प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव से मिलकर जिले में व्याप्त खाद संकट की वजह से किसानों को हो रही समस्याओं के अवगत कराया था। जिसके बाद मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया था की जल्द ही समस्या का समाधान कर लिया जायेगा,सीएम की परेशानी को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्यवाही कर की परिणामस्वरुप त्योंथर व जिले की विभिन्न समितियों में खाद पहुंच गई, जिससे किसान काफ़ी खुश हैं।


## जाहिर आम सूचना

क्र0-11/25 दिनांक-02/09/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अनवर जहां उर्फ अनवरी बेगम पत्नी रियासत उल्ला, निवासी वार्ड नं0-35, पचमठा चौराहा, डडिया टोला के पास, घोघर, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म0प्र0) ने नजूल प्लाट नं0-328, रकवा 0.008 हे0 अंश रकवा 504 वर्गफिट स्थित ग्राम/मौजा रीवा (घोघर), सर्किल रीवा, तहसील हुजूर नगर, जिला रीवा (म0प्र0) को बंधक कर आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा रीवा, पता तृतीयतल, मित्रा हाइट्स, कॉलेज चौराहा, रीवा (म0प्र0) से वित्तीय सहायता प्राप्त की जा रही है। जिसमें मूल विक्रय पत्र क्रमांक 602 दिनांक 21/05/1990 को निक्षेप किया जा रहा है । उक्त विक्रय पत्र एवं ऋण के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई भी आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय अथवा आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा रीवा, पता तृतीयतल, मित्रा हाइट्स, कॉलेज चौराहा, रीवा (म0प्र0) में प्रस्तुत करे । प्रकाशन दिनांक से सात दिवस के पश्चात कोई आपति मान्य व स्वीकार नही होगी तथा भावी ऋण प्रदान कर दिया जावेगा।

**भवदीय**
**राजेन्द्र त्रिपाठी,**
**एडवोकेट, रीवा ( म0प्र0 )**


## खाद के लिए 6 बजे से लाइन लगा रहे लोग, किसान बोले- 8 बोरी जरूरत; 1 बोरी ही मिल रही खाद

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** कुसमी के भदौरा गांव में किसान खाद की कमी से परेशान हैं। स्थानीय खाद वितरण समिति पर किसानों की भीड़ बढ़ती जा रही है। किसान संतोष रावत ने बताया कि फसल की बुवाई का समय है। हम सुबह 6 बजे से लाइन में खड़े रहते हैं। समिति केवल एक बोरी खाद दे रही है। हमें 8 बोरी खाद की जरूरत है। खाद की कमी से फसल की पैदावार कम होगी। समय पर खाद उपलब्ध कराने का मिला आश्वासन: उपसंचालक कृषि डॉ. राजेश सिंह का कहना है कि खाद की नई खेप आ गई है। किसानों को नियमित रूप से खाद वितरित की जा रही है। अव्यवस्था को रोकने के लिए टोकन व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

# एनटीपीसी विस्थापित कॉलोनी में पानी का संकट, 1300 परिवार परेशान, रोज सिर्फ आधे घंटे होती है सप्लाई

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली ( निप्र )।** जिले में एनटीपीसी से विस्थापित ग्रीन हंट कॉलोनी के हजारों परिवारों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम प्रतिदिन केवल आधे घंटे के लिए पानी की सप्लाई कर रहा है। वार्ड क्रमांक 32 में विस्थापित कॉलोनी में लगभग 700 नल कनेक्शन हैं। पूरे वार्ड में करीब 1000 घरों में कनेक्शन हैं। वार्ड क्रमांक 33 में लगभग 600 घरों में नल कनेक्शन हैं।



आम आदमी पार्टी की पार्षद श्यामला ने कमिश्नर को कई बार पत्र लिखकर नई टंकी बनाने का आग्रह किया है। लेकिन अधिकारियों ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

एनटीपीसी ने विस्थापितों की बसाहट के लिए सड़क, बिजली और पानी की व्यवस्था हेतु नगर निगम को फंड दिया था। लेकिन विस्थापितों की स्थिति की कभी समीक्षा नहीं की। सीवर लाइन के ठेकेदार ने पीसीसी सड़क को कई जगहों पर क्षतिग्रस्त कर दिया है।

**कब पानी आएगा पता नहीं:** स्थानीय निवासी सुनीता रावत का कहना है कि स्थिति यह है कि सुबह के समय कब पानी आया और चला गया, पता नहीं चलता। लोग नलों की टोटियों को निहारते रहते हैं। शहरवासियों का कहना है कि बिना फोर्स से आधा घंटे की पेयजल आपूर्ति में पीने तक का पानी नहीं भर पाता है। वार्ड 32 में हकीकत जानी तो लोगों ने पेयजल संकट का दुखड़ा सुनाया।

**आधे घंटे होती है सप्लाई:** वार्ड पार्षद श्यामला का कहना है कि एक तो सिर्फ आधे घंटे पानी की सप्लाई की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ फोर्स कम होने के चलते लोगों को जरूरत के मुताबिक पानी नहीं मिल पा रहा है। कई बार कमिश्नर, महापौर और अध्यक्ष से एक और टंटी बनवाने के लिए पत्र भी दिखा गया लेकिन अधिकारियों के द्वारा यही का जाता है कि प्रस्ताव भेज दिया गया है भोपाल स्तर के मंजूरी मिलने के बाद ही नई टंकी बनाना संभव होगा।

नगर पालिका वार्ड क्रमांक 32 के सेक्टर 1 और 2 में स्थित संडे मार्केट की टंकी से पानी की सप्लाई कर रही है। बारिश का मौसम समाप्त होने से पहले ही पानी की किल्लत शुरू हो गई है। स्थिति यह है कि विस्थापित परिवारों को दैनिक जरूरतों के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।


## नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं सुनीला तिवारी उम्र 45 वर्ष आधार न. 4332 8735 5369 पति श्री भास्कर तिवारी निवासी – 10/392 जनता कालेज के पास अनंतपुर रीवा तहसील हुजूर नगर जिला रीवा म0प्र0 की निवासी हूँ यह कि मेरे पुत्र आयुश तिवारी ज्योति सीनियर सेकेण्डरी स्कूल रीवा म0प्र0 मे कक्षा 10 मे अध्ययनरत हैं। जिसके कक्षा 09वी व अन्य कक्षाओं के शैक्षणिक दस्तोवेजों एवं विद्यालय के रिकार्ड मे माता का (SUNILA TIWARI) दर्ज है जो गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों व मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम (SUNEELA TIWARI) दर्ज है, जो सही व सत्य है अतः आज दिनांक से मेरे पुत्र के शैक्षणिक रिकार्ड व विद्यालय रिकार्ड में माता का नाम (SUNEELA TIWARI) लिखा, पढ़ा व जाना जाय।

**सूचनादाता**
**सुनीला तिवारी**

## या ट्रंप टैरिफ वापस लेंगे?

'एप्पल' ने भारत से 67,000 करोड़ रुपए कमाए हैं। 'अमेजन' ने 40,000 करोड़ रुपए कमाए हैं। 'गूगल' ने 22-23,000 करोड़ रुपए बनाए हैं और 'मेटा' ने भी लगभग इतनी ही कमाई की है। ये सभी अमरीकी कंपनियां हैं और भारत उनका सबसे बड़ा बाजार है। भारत में इनके प्लांट भी सक्रिय होंगे अथवा स्थापित होने की प्रक्रिया में होंगे ! ऐसी कई और अमरीकी कंपनियां होंगी, जो भारत में व्यापार कर रही हैं और मोटा मुनाफा कूट रही हैं। इन कंपनियों के सबसे अधिक ग्राहक और उपयोगकर्ता भी भारत में हैं। यह मुनाफा अमरीका में ही जा रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप अब भारत के बारे में क्या सोच रहे हैं? चूंकि अमरीकी कंपनियां भारत में उत्पादन कर रही हैं और माल अमरीकी बाजार में जा रहा है, क्या राष्ट्रपति ट्रंप इन उत्पादों पर भी 50 फीसदी टैरिफ थोपेंगे? बल्कि ट्रंप हररोज टैरिफ पर सफाई दे रहे हैं। भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के सूत्रों का मानना है कि राष्ट्रपति ट्रंप 100 दिनों के अंतराल में टैरिफ पर पुनर्विचार कर अपने फैसले को वापस ले सकते हैं, लिहाजा उन्होंने सर्वोच्च अदालत से आग्रह किया है कि वह टैरिफ मामले पर यथाशीघ्र सुनवाई कर उसे 'वैध' करार दे। अदालत नवंबर माह में सुनवाई शुरू करेगी, यह पहले से ही तय है। राष्ट्रपति ट्रंप इसलिए भी चिंतित हैं, क्योंकि दुनिया दो ध्रुवों के बीच बंटती जा रही है और अमरीका को 'शीत युद्ध' एक बार फिर शुरू होने की आशंका है। अमरीका की ताकत भी बंटती जा रही है। अब देश अमरीका की 'दादागीरी' मानते रहने को तैयार नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रंप और अमरीकी मंत्री अब भी भारत को अपना 'परम मित्र' मानते हैं।

**संपादकीय**

अमरीकी विशेषज्ञ भी मानते हैं कि देश के राष्ट्रपतियों ने दशकों की मेहनत, कूटनीति, दूरदर्शिता और देशों की लामबंदी के जरिए जो ताकत अर्जित की थी और अमरीका को सबसे बड़ी 25 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था तक पहुंचाया था, राष्ट्रपति ट्रंप उस पर पानी फेर रहे हैं। भारत को 50 फीसदी टैरिफ से अमरीका ने दबाव में लाने की रणनीति बनाई, लेकिन भारत दूसरे ध्रुव पर रूस और चीन के साथ मिल गया।

उसके समर्थन में 50 अन्य देश, ब्रिक्स और एससीओ के देश आ खड़े हुए। भारत के वाणिज्य-उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक साक्षात्कार में खुलासा किया है कि भारत का ऑस्ट्रेलिया और ओमान के साथ व्यापार का करार शीघ्र ही होने जा रहा है। भारत की 50 अन्य देशों के साथ भी निर्यात की संभावनाओं पर बातचीत जारी है। अमरीका के साथ भी नवंबर तक व्यापार-समझौता होना लगभग तय है। भारत आगामी दो सालों के भीतर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन सकता है। सवाल यह है कि ट्रंप को भारत से दिक्कत है अथवा रूस और चीन से? भारत ने पलट कर अमरीका पर कोई टैरिफ नहीं थोपा है। अमरीकी कंपनियां भारत की सार्वजनिक और निजी कंपनियों से अरबों डॉलर के करार कर रही हैं। अमरीकी राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे अधिकारी ने अमरीका में मंदी की संभावनाओं को लेकर राष्ट्रपति को सचेत किया है। ऐसे भी विश्लेषण सामने आए हैं कि एक-तिहाई उद्योग पहले से ही आर्थिक संकट झेल रहे हैं। ऐसे में भारत के साथ कारोबार कम क्यों किया जा रहा है? टैरिफ का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि रूस के साथ भारत, चीन के अलावा अमरीका और यूरोपीय देश भी तेल और गैस का धंधा कर रहे हैं।

## स्वस्थ भारत की यही पहचान ; सही रहे पोषण खान-पान

**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

हमारे देश में हर वर्ष 1 से 7 सितम्बर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वस्थ आहार, संतुलित पोषण, और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। यह सप्ताह भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित पोषण अभियान का एक महत्त्वपूर्ण भाग है। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह की शुरुआत अमेरिका में 1975 में हुई थी, लेकिन भारत में इसे पहली बार 1982 में मनाया गया। उस समय भारत में कुपोषण और कुपोषण से जुड़ी बीमारियों की दर काफी अधिक थी। इसके समाधान हेतु सरकार ने यह सप्ताह लोगों को पोषण संबंधी जानकारी देने के लिए आरंभ किया।

इस सप्ताह का खासकर यह उद्देश्य है। संतुलित आहार की महत्ता को समझाना। कुपोषण, अल्पपोषण और अतिपोषण जैसे मुद्दों पर जनजागरूकता फैलाना। बच्चों, महिलाओं और वृद्धों के पोषण संबंधी विशेषआवश्यकता पर ध्यान देना। स्वास्थ्यकर्मियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना।

स्थानीय खाद्य पदार्थों की उपयोगिता को बढ़ावा देना। सामान्य तौर पर देखें तो पोषण का तात्पर्य ऐसे खाद्य पदार्थों के सेवन से है जो हमारे शरीर को आवश्यक ऊर्जा, प्रोटीन, विटामिन, खनिज आदि प्रदान करें। संतुलित पोषण हमें न केवल बीमारियों से लड़ने में मदद करता है, बल्कि हमारे शारीरिक और मानसिक विकास में भी सहायक होता है।

जहाँ तक देश की बात करें तो भारत एक विकासशील देश है और यहां पोषण से संबंधित कई समस्याएँ अभी भी मौजूद हैं जैसेबच्चों में कुपोषणः यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बड़ी संख्या में बच्चे कुपोषित हैं।

महिलाओं में एनीमिया (रक्त की कमी)॰ विशेषकर गर्भवती महिलाओं में यह समस्या सामान्य है। अज्ञानता और गरीबीः सह।अज्ञानता और गरीबीः सही जानकारी और संसाधनों की कमी के कारण लोग संतुलित आहार नहीं ले पाते।जंक फूड का बढ़ता चलनः शहरी क्षेत्रों में फास्ट फूड की आदत भी पोषण असंतुलन को जन्म देती है। इन्हीं सब समस्याओं से निजात पाने के लिए भारत सरकार ने 2018 में पोषण अभियान की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य 2030 तक भारत को कुपोषण मुक्त बनाना है। इसके तहत निम्नलिखित प्रयास किए जा रहे हैं॰आंगनवाड़ी केंद्रों की सक्रिय भागीदारी। पोषण ट्रैकर जैसे डिजिटल टूल्स का उपयोग, जन भागीदारी के माध्यम से व्यवहार में परिवर्तन एवं पोषण माह और पोषण पर्व जैसे आयोजन किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह की गतिविधियों में इस सप्ताह के दौरान स्कूलों, कॉलेजों, आंगनवाड़ी केंद्रों, और स्वास्थ्य केंद्रों में कई प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं॰,पोषण प्रदर्शनी, स्वास्थ्य जांच शिविर, खाद्य मेला, संबंधित जानकारी और संसाधनों की रंगोली, पोस्टर आदि प्रतियोगिता सहित जनजागरूकता रैलियाँ, स्वस्थ रेसिपी प्रदर्शनों का आयोजन किया जाता है।

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि यह एक सामूहिक प्रयास है जिसमें सरकार, समाज, संस्थाएँ और प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। यदि हर व्यक्ति अपने भोजन और पोषण को लेकर सजग हो जाए, तो भारत को एक स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता।

सही पोषण, देश रोशन
पोषण ही जीवन है।।
स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन,
पोषण की जरूरत हर
एक की पहचान
संतुलित आहार से
बनाएं अपना जीवन,
स्वस्थ भारत का सपना
साकार करें सब मिलकर।

# जीएसटी पर सियासत या राहत

**जीएसटी दरों में कटौती जनता के लिए राहत का संकेत है, लेकिन बार-बार बदलते तर्क सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े करते हैं। जीएसटी लागू होने के बाद सरकार ने नौ साल तक ऊँची दरों को ज़रूरी बताते हुए उनके फायदे गिनाए। अब दरें घटाने पर वही तर्क उलटे रूप में दिए जा रहे हैं। नवरात्र से लागू होने वाली टैक्स राहत निश्चित रूप से उपभोक्ताओं और व्यापार जगत के लिए सकारात्मक संदेश है, परंतु नीतियों में यह विरोधाभास जनता के विश्वास को कमजोर करता है। टैक्स नीति को राजनीति या त्योहारों से जोड़ने के बजाय दीर्घकालिक दृष्टि से स्थिर और न्यायपूर्ण बनाना ज़रूरी है, ताकि एक देश, एक टैक्स की असली भावना सार्थक हो सके।**

**डॉ सत्यवान सौरभ**



लेकिन बीते नौ वर्षों में जनता ने देखा कि जीएसटी का बोझ केवल आम उपभोक्ताओं पर बढ़ता गया। ज़रूरी सामानों से लेकर रोज़मर्रा की वस्तुओं पर टैक्स दरें ऊँची बनी रहीं। महँगाई लगातार बढ़ती रही और हर घर का बजट बिगड़ता गया। व्यापारी समुदाय ने भी कई बार शिकायत की कि जीएसटी की जटिल व्यवस्था और ऊँचे टैक्स स्लैब ने उनके कारोबार को प्रभावित किया। छोटे और मझोले उद्योगों को तो कई बार अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़नी पड़ी।

अब अचानक वही सरकार यह कह रही है कि जीएसटी की दरें घटाई जाएंगी और इससे जनता को सीधी राहत मिलेगी। नवरात्र के अवसर पर इस घोषणा को टैक्स राहत की दिवाली कहा जा रहा है। निश्चित ही यह कदम आम उपभोक्ता के लिए सुकून भरा संदेश है। जूते, कपड़े, टीवी, डीटीएच जैसी वस्तुओं पर टैक्स घटाना हर परिवार को सीधे प्रभावित करेगा। लोग त्योहारों के समय खरीदारी कर पाएंगे और बाज़ार में चहल-पहल बढ़ेगी। लेकिन सवाल यह उठता है कि जो तर्क पहले ऊँचे टैक्स के समर्थन में दिए गए थे, वही तर्क आज घटाने के समर्थन में क्यों दिए जा रहे हैं यह विरोधाभास केवल टैक्स दरों तक सीमित नहीं है। यह सरकार की आर्थिक नीतियों की सोच पर भी सवाल खड़े करता है। अगर ऊँचे टैक्स ही विकास का आधार थे, तो नौ साल बाद अचानक उन्हें कम करना कैसे विकास के लिए आवश्यक हो गया और यदि वास्तव में कम टैक्स से बाज़ार और जनता को राहत मिल सकती है, तो इतने वर्षों तक जनता को ऊँचे टैक्स का बोझ क्यों झेलना पड़ा आम नागरिक इन सवालों का जवाब चाहता है। वह देख रहा है कि टैक्स नीतियाँ कई बार राजनीति और चुनावी रणनीतियों से जुड़कर बदल जाती हैं। त्योहारों के अवसर पर टैक्स कटौती की घोषणा निश्चित रूप से लोगों को आकर्षित करती है, लेकिन क्या यह दीर्घकालिक समाधान है कर नीति को समय-समय पर बदलना और हर बार इसे जनता के हित में बताना, पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करता है।

आज जब सरकार कहती है कि टैक्स घटाने से अर्थव्यवस्था को मज़बूती मिलेगी, तो यह बात सही भी है। टैक्स बोझ कम होने पर लोगों की क्रयशक्ति बढ़ती है, उपभोग बढ़ता है और बाज़ार में रौनक आती है। इससे उत्पादन बढ़ता है और रोजगार सृजन भी होता है। लेकिन फिर वही प्रश्न–तो इतने वर्षों तक टैक्स ऊँचे रखकर किस उद्देश्य को साधा गया क्या उस दौरान जनता केवल राजस्व संग्रह की मशीन बनकर रह गई

सच्चाई यह है कि भारत जैसे विकासशील देश में कर नीति केवल राजस्व जुटाने का साधन नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह सामाजिक-आर्थिक संतुलन का आधार भी होनी चाहिए। ज़रूरी सामानों और रोज़मर्रा की वस्तुओं पर टैक्स बोझ कम से कम रखा जाना चाहिए ताकि गरीब और मध्यम वर्ग को राहत मिले। जबकि विलासिता की वस्तुओं पर अपेक्षाकृत ऊँचे टैक्स लगाए जा सकते हैं। लेकिन पिछले वर्षों में हमने देखा कि कई बार यह संतुलन बिगड़ गया और आम नागरिक की जेब पर सीधा असर पड़ा।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि टैक्स में राहत से सरकार के राजस्व पर भी असर पड़ता है। जब राजस्व घटता है तो सरकार या तो घाटा बढ़ाती है या फिर कहीं और से वसूली करती है। ऐसे में जनता को राहत वास्तव में कितनी मिलती है, यह भी एक बड़ा प्रश्न है। यदि बिजली, ईंधन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर सीधे या परोक्ष रूप से टैक्स का बोझ बना रहेगा, तो बाकी वस्तुओं पर टैक्स घटाने का असर सीमित ही होगा।

जीएसटी के नाम पर जिस एक देश, एक टैक्स का सपना दिखाया गया था, वह आज भी अधूरा है। अलग-अलग वस्तुओं पर अलग-अलग स्लैब, राज्यों की शिकायतें, जटिल रिटर्न फाइलिंग और बार-बार नियमों का बदलना, ये सब मिलकर इसे जटिल बनाते रहे हैं। अब जबकि टैक्स दरों को घटाने का निर्णय लिया गया है, तो ज़रूरत इस बात की है कि इसे केवल त्योहारों तक सीमित राहत न बनाया जाए, बल्कि पूरी व्यवस्था को स्थिर और संतुलित बनाया जाए।

सरकार को चाहिए कि वह टैक्स नीतियों को राजनीति से ऊपर उठाकर, दीर्घकालिक आर्थिक दृष्टि से तय करे। लोगों को यह महसूस होना चाहिए कि टैक्स वास्तव में राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान है, न कि केवल बोझ। इसके लिए आवश्यक है कि टैक्स से मिलने वाले राजस्व का सही और पारदर्शी उपयोग हो। यदि जनता देखेगी कि उसके द्वारा दिए गए टैक्स का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत संरचना पर हो रहा है, तो वह टैक्स चुकाने में संकोच नहीं करेगी।

आज की टैक्स राहत का स्वागत किया जाना चाहिए, लेकिन इसके साथ ही यह सवाल भी उठाना ज़रूरी है कि क्या यह केवल तात्कालिक आकर्षण है या फिर एक दीर्घकालिक सुधार की शुरुआत। जीएसटी जैसे बड़े सुधार को राजनीति और चुनावी लाभ से जोड़कर देखने के बजाय इसे जनता और अर्थव्यवस्था के वास्तविक हित में आगे बढ़ाना होगा। तभी वास्तव में टैक्स राहत की दिवाली हर नागरिक के जीवन में रोशनी ला सकेगी।

# बुज़ुर्ग परिवार के बरगद पीपल की भांति

**2021 में, पोप फ्रांसिस ने दादा-दादी और बुजुर्गों के लिए विश्व दिवस के रूप में विश्वव्यापी उत्सव की स्थापना की। दरअसल वह इस बात पर प्रकाश डालना चाहते थे कि बुजुर्ग हमारी दुनिया के लिए एक महान उपहार हैं, और हर पीढ़ी के पास देने के लिए कुछ न कुछ है। इस साल हमारे दादा-दादी और बुजुर्गों को याद करने के लिए निर्धारित इस दिन की चोथी वर्षगांठ होगी।हमारे दादा-दादी हमारे जीवन में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। वे हमारे परिवार के शीर्ष पर हैं। वे हमें मार्गदर्शन और ज्ञान प्रदान करते हैं, और हममें से बहुतों के पास अपने दादा-दादी के साथ सोते समय की कहानियों और पारिवारिक अवसरों की प्यारी प्यारी यादें हैं।**

## 07 सितम्बर विश्व दादा दादी दिवस-

**- सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

दादा-दादी दिवस हमें अपनी दादी और दादाओं का सम्मान करने का सही अवसर प्रदान करता है।दादा-दादी दिवस एक ऐसा दिन है जो परिवार के भीतर छोटे लोगों की शिक्षा और कल्याण के मामले में हमारे दादा-दादी द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान का जश्न मनाने और उसे स्वीकार करने के लिए समर्पित है। यह हम सभी के लिए बुजुर्गों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता दिखाने, अपने दादा- दादी का सम्मान करने का एक आदर्श दिन है - वे जो कुछ भी करते हैं और जिसके लिए वे खड़े हैं।यह सुनिश्चित करना बहुत महत्वपूर्ण है कि हम इस तिथि को स्वीकार करें।

दादा-दादी दिवस बच्चों के लिए यह जानने का एक बेहतरीन अवसर है कि दादा-दादी किस तरह से उनकी शिक्षा और भावनात्मक विकास को प्रभावित करते हैं। यह लोगों के लिए पुरानी पीढ़ियों से मिले मार्गदर्शन पर विचार करने और इसके लिए अपनी प्रशंसा दिखाने का एक बढ़िया समय है।इस तथ्य पर विचार करना भी महत्वपूर्ण है कि दादा-दादी जब बड़े हो जाते हैं, तो उन्हें अकेलापन महसूस हो सकता है, खासकर जब वे अकेले रहते हैं। यही कारण है कि अपने दादा-दादी को यह बताना महत्वपूर्ण है कि उन्हें कितना प्यार और सराहना मिलती है। बस अपने दादा-दादी से समय- समय पर यह सुनिश्चित करने के लिए संपर्क करना कि वे ठीक हैं, बहुत बड़ा अंतर लाने वाला है। हम जानते हैं कि जब भी कई विचार दिए गए हैं। इसमें युवा अपने दादा-दादी की विरासत और इतिहास के बारे में सीखना या परिवार की परंपरा शामिल है। परिवार अपने बुजुर्ग रिश्तेदारों की कहानियाँ सुनने के लिए एक साथ समय बिता सकते हैं और युवा नर्सिंग होम में बुजुर्गों के साथ दिन का कुछ हिस्सा बिताने के लिए स्वेच्छा से आगे आ सकते हैं। आप अपने दादा-दादी को ग्रैंडपैरेंट्स डे पर खास महसूस कराने का प्रयास भी कर सकते हैं। क्यों न उन्हें फूलों का प्यारा गुलदस्ता देकर सरप्राइज दें आखिर फूल किसे पसंद नहीं होते किसी के लिए खूबसूरत फूलों की सजावट खरीदकर आप गलत नहीं हो सकते। दरवाज़ा खोलते ही फूलों का एक बड़ा गुलदस्ता आपका इंतज़ार करता हुआ देखने से बेहतर कोई एहसास नहीं हो सकता।

आप ताज़े फूलों की जगह कृत्रिम फूलों पर विचार कर सकते हैं क्योंकि जब आप कृत्रिम फूलों का विकल्प चुनते हैं तो आप किसी को ऐसा तोहफ़ा दे रहे होते हैं जो उनके लिए जीवन भर चलने वाला है। हर बार जब वे फूलों को देखेंगे, तो



उन्हें आपकी और उनके तोहफ़े में छिपी हुई सोच की याद आएगी। ताज़े फूल एक या दो हफ़्ते में कूड़ेदान में चले जाएँगे। इसके अलावा, जब आप कृत्रिम फूल खरीदते हैं, तो आप कभी भी मौसम के हिसाब से सीमित नहीं होते। इसका मतलब है कि आप अपने दादा-दादी के लिए कोई भी फूल खरीद सकते हैं जो वे चाहें। यह खास तौर पर तब फ़ायदेमंद होता है जब आपको पता हो कि उनका कोई पसंदीदा फूल है या कोई ऐसा फूल है जिसे आप खरीदना चाहते हैं क्योंकि उसका कोई खास मतलब होता है।

उदाहरण के लिए, क्या आप जानते हैं कि लिली प्यार और भक्ति का प्रतीक है ये दो शब्द निश्चित रूप से हमारे दादा- दादी का सार प्रस्तुत करते हैं !कहने की ज़रूरत नहीं है कि अपने दादा-दादी को खुश करने और उन्हें सराहना का एहसास दिलाने के लिए आपको बहुत ज़्यादा पैसे खर्च करने की ज़रूरत नहीं है। क्यों न आप उनके लिए एक कार्ड बनाएँ और उसके अंदर एक प्यारा, दिल को छू लेने वाला संदेश लिखें आप अपनी खुद की कविता भी बना सकते हैं। यह मायने नहीं रखता कि यह कितनी अच्छी है; मायने यह रखता है कि आपने अपने दादा-दादी को खास महसूस कराने के लिए कितनी मेहनत की है।

ऐसे कई अन्य तरीके भी हैं जिनसे आप इस तिथि पर अपने दादा-दादी को विशेष महसूस करा सकते हैं। उदाहरण के लिए, आप एक शानदार लंच के लिए बाहर जा सकते हैं या आप दोपहर की चाय का आनंद ले सकते हैं। केक, स्कोन और फिंगर सैंडविच किसे पसंद नहीं होते यह एक ऐसा दिन है जब हम अपने परिवार, पड़ोस और समुदायों में योगदान के लिए दादा-दादी और दादा-दादी के दोस्तों का सम्मान करते हैं। यह सभी उम्र के लोगों को यह याद दिलाने का भी समय है कि वे किसी और के साथ या किसी और पीढ़ी के लिए कुछ शानदार कर सकते हैं। सभी उम्र और जीवन के चरणों में लोगों के पास हमारी दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने में योगदान देने के लिए कुछ मूल्यवान और मूल्यवान है।दादा-दादी दिवस की आधिकारिक घोषणा में कहा गया है कि इस अवकाश का उपयोग दादा-दादी का सम्मान करने, दादा-दादी को अपने बच्चों के बच्चों के प्रति प्यार दिखाने का अवसर देने और बच्चों को वृद्ध लोगों द्वारा दी जाने वाली शक्ति, जानकारी और मार्गदर्शन के बारे में जागरूक करने में मदद करने के लिए किया जाता है।

## हमेशा विपरीत परिस्थितियों के लिए तैयार रहें : मनीष सागर जी महाराज

### समझदार व्यक्ति मन को अनुशासित रखता है



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर, (निप्र)।** जीवन में अभाव के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। उपलब्धि के लिए आपका मन हमेशा तैयार रहता है। असफलता, अपमान, असाता के लिए भी तैयार रहना होगा। हमेशा विपरीत परिस्थितियों के लिए तैयार रहें। विपरीत परिस्थितियों में घबराएं नहीं, मन को कमजोर न होने दें। समझदार व्यक्ति मन को अनुशासित रखता है। ये सीख टैगोर नगर पटवा भवन में जारी चातुर्मासिक प्रचवनमाला में शुक्रवार को परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने दी।उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जब भी हम प्रयत्न करते हैं तो हमारा मन हमेशा उपलब्धि चाहता है। कई बार उपलब्धि भी होती है और कई बार अभाव का सामना भी होता है। जैसा हमारा मन चाहता है, हमेशा वैसा नहीं मिलता। अभाव का सामना होने से मन दुखी होता है। हम हमेशा सफलता चाहते हैं। असफलता की चाहत नहीं होती। पुण्य का उदय कम होता है तो असफलता मिलती है। ऐसे में केवल दुखी होते हैं , संताप व विलाप करते हैं। इस दौरान मन को शांत रखना है।उपाध्याय भगवंत ने कहा कि समझदार व्यक्ति उपलब्धियों पर इतराता नहीं है। उपलब्धियों पर अपना अधिकार नहीं है। एक अवसर मानता है। विपरीत परिस्थितियों के लिए तैयारी उतनी ही आवश्यक है, जितनी सफलता के लिए तैयारी होती है। हम सभी इसके लिए तैयार नहीं रहते। हमेशा व्यक्ति उपलब्धि पर भरमाता है, अभाव को नहीं देखता। यह हमारी कमजोरी है।उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जीवन में जितना लाभ होता है, उतना लोग बढ़ता जाता है। तृष्णा मृग जल के समान है। जैसे हिरण अपनी प्यास बुझाने मृग मरीचिका में भटकता रहता है। वैसी हमारी आत्मा भी इच्छा पूर्ति नहीं होती तो भटकती रहती है। इच्छाएं कभी तृप्त नहीं हो सकती। आकाश के जैसे असीम है। शांत होकर आने वाली समस्याओं का समाधान करते रहें। मन में अशांति का कारण हमारी तृष्णा व हमारा मोह है। तृष्णा और मोह को कम करने से मन शांत होगा। शांति व समता से अपना रास्ता निकालने का प्रयास करना है।

## पार्श्वनाथ प्रभु के मंदिर निर्माण का हुआ भव्य शिलान्यास महोत्सव



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर, (निप्र)।** टैगोर नगर में पार्श्वनाथ भगवान के भव्य मंदिर निर्माण के लिए 5 सितंबर को शिलान्यास हुआ। प्रवचन के पश्चात पटवा भवन से टैगोर नगर शिलान्यास स्थल सी -79 महेंद्र कुमार गादिया के निवास तक शिला को मस्तक पर रखकर वरघोड़ा उपाध्याय द्वय आध्यात्म योगी महेंद्र सागरजी महाराज साहब, युवा मनीषी मनीष सागरजी महाराज साहब एवं साध्वी भगवंत हंसकीर्ति श्रीजी म.सा. की पावन निश्रा में निकाला गया। शिलान्यास महोत्सव में भैरव कॉलोनी से प्रियदर्शी विजयजी महाराज साहब भी शामिल हुए। अलौकिक पार्श्व पद्मावती ट्रस्ट के धीरज कोचर ने बताया कि शिलान्यास विधि के पूर्व स्नात्र पूजन सुबह 8 बजे व पाटला पूजन सुबह 9 बजे हुआ। गुरु भगवंतों की पावन निश्रा में वरघोड़ा पहुंचने के पश्चात शिलान्यास की विधि प्रारंभ हुई। शिला पूजा का बड़ा महत्व है। उपस्थित सभी परिवारों ने मिलकर इस विधि का धर्मलाभ लिया। रायपुर में पहली बार घर में मंदिर का भव्य निर्माण कराया जा रहा है। गादिया परिवार ने अपने घर की जगह भव्य मंदिर निर्माण के लिए दी है। मंदिर का संचालन अलौकिक पार्श्व पद्मावती ट्रस्ट के द्वारा किया जाएगा।

## ग्रामोद्योग से गाँव–गाँव में रोजगार का होगा विस्तार : गजेंद्र यादव



**कारीगरों को मिलेगा नया बाजार, प्रदेश में बनेगा शिल्प ग्राम और शिल्प नगरी**

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर, (निप्र)।** ग्रामोद्योग, स्कूल शिक्षा एवं विधि विधायी विभाग के मंत्री गजेंद्र यादव ने न्यू सर्किट हाउस रायपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में ग्रामोद्योग विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभाग के अंतर्गत रेशम, हथकरघा, खादी, हस्तशिल्प एवं माटीकला बोर्ड की कार्यप्रगति का विस्तार से आकलन किया गया।मंत्री श्री यादव ने बताया कि राज्य में लगभग 3.15 लाख हितग्राही ग्रामोद्योग के विभिन्न कुटीर उद्योगों से रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिलों और विकासखंडों में रीपा (RIPA) भवनों में ग्रामोद्योग की गतिविधियाँ संचालित कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए।बैठक में निर्णय लिया गया कि दोनाङ्कपत्तल, कांसा, गोबर से जैविक खाद, पपीता से गुलकंद, फर्नीचर जैसे छोटे उद्योगों की स्थापना कर हितग्राहियों को वित्तीय सहायता दी जाएगी, जिससे नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

इसके अलावा राज्य शासन ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि शासकीय विभागों में केवल राज्य के बुनकरों और कारीगरों द्वारा निर्मित सामग्री की ही आपूर्ति हो। साथ ही रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में शिल्प ग्राम एवं शिल्प नगरी के निर्माण की कार्ययोजना बनाई जाएगी, ताकि कारीगरों को बेहतर विपणन सुविधा मिले और राज्य की शिल्पकला को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जा सके।बैठक में सचिव सह संचालक ग्रामोद्योग श्याम धावड़े, प्रबंध संचालक हस्तशिल्प एवं माटीकला बोर्ड जे. पी. मौर्य, उप सचिव अर्न मरकाम, अपर संचालक रेशम डॉ. राजेश बघेल, संयुक्त संचालक हथकरघा अ. अयाज़ सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# नक्सलियों के खिलाफ हाईटेक-जंग, AI से ऑपरेशन हिड़मा अगला टारगेट; 2 राज्यों के बॉर्डर पर घेरकर मारेंगे जवान



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर, (निप्र)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे का फैसला लिया है। इसके बाद नक्सलियों के खिलाफ छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा और तेलंगाना के अफसरों ने नक्सल ऑपरेशन तेज कर दी है। हिड़मा समेत 43 नक्सली मोस्ट वांटेड की लिस्ट में हैं।नक्सलियों के खिलाफ ,द्ध तकनीकी का इस्तेमाल कर ऑपरेशन चलाने के निर्देश दिए गए हैं। नक्सल प्रभावित राज्यों के अधिकारियों को अभियान के दौरान एक दूसरे को गोपनीय सूचना दी जाएगी। एनकाउंटर के दौरान बॉर्डर पर दोनों तरफ से नक्सलियों को घेरने और उनको ढेर करने को कहा गया है।

केंद्रीय अधिकारियों ने नक्सल प्रभावित राज्यों के अफसरों को बड़े लीडर्स को टारगेट कर मारने कहा है। छत्तीसगढ़ में फोर्स का अब अगला टारगेट हिड़मा सहित कई वांटेड नक्सली है।

**नया रायपुर में साढ़े 3 घंटे चली बैठक :** दरअसल, नया रायपुर के निजी रिसॉर्ट में शुक्रवार को साढ़े 3 घंटे बैठक हुई। जिसमें केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, आईबी चीफ तपन कुमार डेका, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा और तेलंगाना के डीजीपी CRPF, BSF, ITBP के शीर्ष अधिकारी, IB, NIA के निदेशक और राज्यों के गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**ऑपरेशन को बनाया जाएगा इंटेलिजेंस बेस :** अधिकारियों के अनुसार, नक्सलियों के खिलाफ चलाए जाने वाले ऑपरेशनों को पूरी तरह इंटेलिजेंस बेस्ड बनाने पर जोर दिया जा रहा है। आईबी की खुफिया रिपोर्ट्स के आधार पर फोर्स को मूव किया जाएगा। जिससे जंगलों और सीमावर्ती इलाके में छिपे नक्सलियों पर प्रभावी कार्रवाई हो सके।

इसके अलावा, नक्सल प्रभावित राज्यों के बीच बेहतर समन्वय और समय पर सूचनाएं देने के लिए प्रणाली विकसित करने पर भी चर्चा हो रही है। अधिकारियों का मानना है कि यदि यह तंत्र मजबूत हो जाए, तो नक्सली किसी भी क्षेत्र में सुरक्षित ठिकाना नहीं बना पाएंगे।

**जवानों को दिया जाएगा प्रशिक्षण :** सूत्रों के अनुसार, फोर्स और जवान नक्सलियों के खिलाफ तकनीकी का इस्तेमाल कर सके, इसलिए उनको प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में (AI) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर अपराध, नार्को-आतंकवाद, सामान्य युद्ध, फील्ड क्राफ्ट और रणनीति, आतंकरोधी, मानवाधिकार और कानून-व्यवस्था में उच्च दक्षता प्रदान की जाएगी। जवानों को हाईटेक इक्विपमेंट भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

ये वांटेड नक्सली फोर्स के टारगेट में लाल आतंक के खात्मे के लिए 43 नक्सलियों को मोस्ट वांटेड की लिस्ट में शामिल किया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ से 25 नक्सली, तेलंगाना से 4, आंध्रप्रदेश से 5, कर्नाटक से 2, ओडिशा से 3 और झारखंड से 4 नक्सली लीडर्स शामिल हैं। मोस्ट वांटेड नक्सल लिस्ट में मुपल्ला लक्ष्मण राव, मलोजुल्ला, मिशिर बेसरा, माड़वी हिड़मा और थिप्पारी तिरुपति समेत 43 नक्सली हैं।

## रायपुर में ठेकेदार से शेयर ट्रेडिंग के बहाने ठगी : 2 किस्तों में 20 लाख रुपए ट्रांसफर किए, मुनाफा मांगने पर हुआ खुलासा

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर, (निप्र)।** रायपुर में ठेकेदार से शेयर ट्रेडिंग के बहाने ठगी की वारदात हुई है। ठेकेदार को ठगों ने लिंक भेजकर ज्यादा मुनाफा का लालच दिया। फिर दो किस्त में 10-10 लाख इन्वेस्टमेंट के बहाने ट्रांसफर करवा लिए। ठेकेदार में जब मुनाफा की रकम निकालने का प्रयास किया। तब उसे ठगी का एहसास हुआ। इस मामले में डीडी नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है।देवेंद्र कुमार ने थाने में शिकायत दी। जिसमें बताया कि वह बाजार चौक सरोना में रहता है। 17 दिसंबर को फेसबुक के माध्यम से उसकी जान पहचान अदिति परमार नाम की महिला से हुई। उसने शेयर में इन्वेस्ट कर ज्यादा प्रॉफिट कमाने का लालच दिया। फिर उसने वॉट्सऐप नंबर पर एक लिंक सेंड किया। जिसमें क्लिक करने पर शेयर ट्रेडिंग का पेज खुल गया।

**दो किस्तों में कराए रुपए ट्रांसफर :** ठेकेदार ने शेयर में ज्यादा मुनाफा कमाने के लालच में 10-10 लाख रुपए दो किस्तों में ट्रांसफर कर दिए। शेयर ट्रेडिंग के पेज में उसे मुनाफा दिखने लगा। जब उसने रुपए वापस निकालने की कोशिश की तो और पैसे इन्वेस्टमेंट करने को कहा गया। ठेकेदार को ठगी का एहसास हो गया। उसने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है।

## आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुई सम्पन्न



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** जिले के जनपद पंचायत सभाकक्ष मनेंद्रगढ़ में आयोजित आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण 02 सितम्बर 2025 को प्रारंभ हुआ था, जिसका समापन 04 सितम्बर 2025 को हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य आदिवासी बहुल ग्रामों तक शासन की सभी योजनाओं को प्रभावी रूप से पहुँचाना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना रहा। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में ग्राम स्तर पर आदि साथी, सरकारी सेवक जैसे डॉक्टर और शिक्षक आदि सहयोगी तथा मास्टर ट्रेनर्स यानी आदि कर्मयोगी की जिम्मेदारियों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान आदिवासी ग्रामों में सड़क, आवास, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा, महिलाओं और बच्चों से जुड़ी सेवाओं तथा वन विभाग संबंधी विकास योजनाओं के लिए मांग प्रपत्र तैयार करने और ग्रामों को आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में कार्ययोजना बनाई गई। सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग द्वारा आगामी विकासखंड स्तरीय और ग्राम स्तरीय प्रशिक्षण 2 अक्टूबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, साथ ही प्रत्येक ग्राम में 20 सदस्यीय आदि साथी दल के गठन पर बल दिया गया। समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त अंकिता मरकाम, जनपद सीईओ वैशाली सिंह और मंडल संयोजक संजय श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय चिरमिरी में शिक्षक दिवस पर भव्य कवि सम्मेलन संपन्न



**मीडिया ऑडीटर, चिरमिरी ( निप्र )।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय चिरमिरी में शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य कवि सम्मेलन का गरिमामयी आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राम नरेश राय महापौर नगर पालिका चिरमिरी के द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया इस काव्य संध्या में कादंबरी साहित्य परिषद चिरमिरी के सम्मानित कवि गण नरेंद्र मिश्र धड़कन ,राजेंद्र तिवारी धुरंधर, सी एल मिश्रा साहिल, राजेंद्र तिवारी राही, डॉ डी के उपाध्याय, हरिकांत अग्निहोत्री, मनीष तिवारी, संजय चौहान, विजय सिंह एवं मनेद्रगढ़ से पधारे वीरेंद्र श्रीवास्तव ने अपनी सशक्त रचना का पाठ किया जिसका प्रबुद्ध श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया। कवियों द्वारा काव्य के सभी रसों का श्रृंगार, छंद हास्य, वीर रस, गजल की प्रस्तुति से श्रोताओं का भरपूर तालियों से स्नेह प्राप्त किया ।

इस काव्य संध्या का आयोजन संस्था के प्राचार्य डॉ. डी के उपाध्याय के संयोजन में किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर संस्था के द्वारा सेवानिवृत शिक्षक टी.बी.सिंह का मुख्य अतिथि राम नरेश राय महापौर नगर पालिक निगम चिरमिरी द्वारा शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया तथा काव्य संध्या में पधारे सभी शिक्षकों का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।

काव्य संध्या के इस गरिमामयी आयोजन में सम्मानित अतिथि के रुप में संतोष कुमार सिंह सभापति नगर पालिका निगम चिरमिरी, के डमरु रेडी पूर्व महापौर, संजीत सिंह पार्षद, राहुल भाई पटेल पार्षद, बबीता सिंह, इंदु पनेरिया अध्यक्ष एस .एम .डी .सी,ए के नाग प्राचार्य एस .के पांडेय प्राचार्य, चंदन कुमार दत्ता प्राचार्य, शैलेंद्र मिश्रा प्रधान पाठक, राजीव वर्मा पत्रकार ,एस .के सिंह प्राचार्य की गरिमामयी उपस्थित थी ।काव्य संध्या का संचालन राजेंद्र तिवारी राही के द्वारा सशक्त रूप से किया गया ।

### स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों से चिरमिरी मनेंद्रगढ़ के लोगों की बड़ी मांग पूरी होने की कगार पर

## चिरमिरी नागपुर रोड हॉल्ट परियोजना के लिए रेल मंत्रालय ने दावा आपत्ति के बाद 198 भूखंडों के अधिग्रहण के लिए जारी किया अधिसूचना




**मीडिया ऑडीटर, रायपुर, ( निप्र )।** स्वास्थ्य मंत्री और स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल का प्रयास जिले में यात्री सुविधाओं और रेल परियोजनाओं के विस्तार के लिए रंग ला रहा है। उनकी कोशिशों से रेल मंत्रालय ने चिरमिरी नागपुर हॉल्ट रेल परियोजना के लिए दावा आपत्ति के बाद भू अर्जन की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। रेल मंत्रालय ने इसके लिए एक अधिसूचना जारी की है।

केंद्रीय सरकार ने रेल अधिनियम 1989 के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में चिरमिरी नागपुर रोड हाल्ट रेल परियोजना (17 किलोमीटर) के लिए भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी कर दी है। इस अधिसूचना के अंतर्गत 36.392 हेक्टेयर रकबे की कुल 198 भूमि खंडों को परियोजना के लिए अधिग्रहित करने का रास्ता साफ हो गया है। इसके साथ ही अब शीघ्र ही प्रभावितों को मुआवजा वितरण का कार्य शुरू किया जाएगा।

केंद्र सरकार ने सक्षम प्राधिकारी की रिपोर्ट पर सहमति प्रदान करते हुए अंतिम रूप से भूमि अधिग्रहण की घोषणा की है। अधिसूचना के अनुसार, यह भूमि अब भारत सरकार (रेल मंत्रालय) के नाम दर्ज होगी और परियोजना कार्यों के लिए उपयोग की जाएगी।

रेल मंत्रालय (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे) द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, इस परियोजना को वर्ष 2018–19 में मंजूरी दी गई थी। भूमि अर्जन की प्रक्रिया के दौरान निर्धारित समयावधि में कुल 32 आपत्तियां प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 5 आपत्तियां सही पाई गईं। सक्षम प्राधिकारी द्वारा शेष आपत्तियों का निराकरण कर रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपी गई।

## नकली साबुन बेचते दो गिरफ्तार, कंपनी से जुड़े डीलर ने की थी शिकायत



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर, (निप्र)।** रायपुर के तारवानी सोप इंडस्ट्रीज के प्रोडक्ट बोस्की साबुन की डुप्लीकेट बिक्री का मामला सामने आया है. पश्चिम बंगाल के इस्लामपुर जिले में आरोपी नकली बोस्की साबुन बनाकर बाजार में बेच रहे थे।इसकी सूचना मिलने पर कंपनी के सदस्य स्थानीय डीलर के साथ थाने पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई. शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के अनुसार, इस्लामपुर जिले में बीते कई दिनों से दोनों आरोपी नकली बोस्की साबुन बनाकर बेच रहे थे. मामले की जानकारी कंपनी स्टाफ को होने पर उन्होंने चुकलिया थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई. शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की. कार्रवाई करते हुए आरोपी अली मूर और हसनैन को गिरफ्तार कर लिया गया. दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया.बता दें कि बिहार के किशनगंज जिले के ग्राम पीपला में स्थित एक फैक्ट्री में तारवानी सोप इंडस्ट्रीज के नाम पर नकली साबुन तैयार किया जा रहा था. कुछ दिन पहले पुलिस ने यहां छापेमारी की थी. बड़ी मात्रा में नकली साबुन, रैपर और मशीनें जब्त कर फैक्ट्री को सील कर दिया गया था।

# शराब घोटाला भूपेश के बेटे की रिमांड 15 सितंबर तक बढ़ी, 2 महीने से जेल में है चैतन्य बघेल; 16.70 करोड़ मनी लॉन्डिंग का आरोप



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर, (निप्र)।** शराब घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व ष्टरू भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की रिमांड 15 सितंबर तक बढ़ गई है। 15 सितंबर को ईडी चैतन्य के खिलाफ चालान पेश कर सकती है। शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। बता दें कि, चैतन्य बघेल को श्वष्ठ ने पिछले 18 जुलाई को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद वो 2 महीने से जेल में बंद हैं।

**चैतन्य को 16.70 करोड़ रुपए मिले- ED**

दरअसल, शराब घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) ने चैतन्य बघेल को भी आरोपी बनाया है। आरोप है कि शराब घोटाले की रकम से चैतन्य को 16.70 करोड़ रुपए मिले हैं। ED के मुताबिक शराब घोटाले से मिले ब्लैक मनी को रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में इन्वेस्ट किया गया। ब्लैक मनी को वाइट करने के लिए फर्जी निवेश दिखाया गया है। साथ ही सिंडिकेट के साथ मिलकर 1000 करोड़ रुपए की हैंडलिंग (हेराफेरी) की गई है।

**चैतन्य के प्रोजेक्ट में 13-15 करोड़ इन्वेस्ट :** ED ने अपनी जांच में पाया कि, चैतन्य बघेल के विठ्ठल ग्रीन प्रोजेक्ट (बघेल डेवलपर्स) में घोटाले के पैसे को इन्वेस्ट किया गया है। इस प्रोजेक्ट से जुड़े अकाउंटेंट के ठिकानों पर छापेमारी कर श्वष्ठ ने रिकॉर्ड जब्त किए थे।प्रोजेक्ट के कंसल्टेंट राजेन्द्र जैन ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में वास्तविक खर्च 13-15 करोड़ था। जबकि रिकॉर्ड में 7.14 करोड़ ही दिखाया गया। जब्त डिजिटल डिवाइसेस से पता चला कि, बघेल की कंपनी ने एक ठेकेदार को 4.2 करोड़ कैश पेमेंट किया गया, जो रिकॉर्ड में नहीं दिखाया गया।

**फर्जी फ्लैट खरीदी के जरिए पैसे की हेराफेरी :** ED ने अपनी जांच में पाया है कि त्रिलोक सिंह ढिल्लो ने 19 फ्लैट खरीदने के लिए 5 करोड़ बघेल डेवलपर्स को ट्रांसफर किए। ढिल्लन ने ये फ्लैट अपने कर्मचारियों के नाम पर खरीदे लेकिन पेमेंट त्रिलोक ढिल्लो ने खुद दिया।

ED ने जब ढिल्लन के कर्मचारियों से पूछताछ की तो कर्मचारियों ने बताया कि ये फ्लैट की खरीदी उन्हीं के नाम पर हुई, लेकिन पैसे ढिल्लो ने दिए। ये सारा ट्रांजेक्शन 19 अक्टूबर 2020 को एक ही दिन हुआ।

ED ने कहा कि ब्लैक को लीगल करने के लिए यह एक पूर्व-योजना के तहत किया गया लेन-देन था। इसका मकसद पैसे को छिपाकर चैतन्य बघेल तक पहुंचाना था।

**5 करोड़ कैश के बदले फर्जी ट्रांसफर :** ED के मुताबिक भिलाई के एक ज्वेलर्स ने चैतन्य बघेल को 5 करोड़ रुपए उधार दिए, लेकिन श्वष्ठ की जांच में सामने आया कि जो 5 करोड़ रुपए चैतन्य की दो कंपनियों को लोन के रूप में दिया गया ।बाद में इसी ज्वेलर्स ने बघेल की कंपनी से 6 प्लॉट खरीदे, जिसकी कीमत 80 लाख थी। श्वष्ठ ने बताया कि यह पैसा शराब घोटाले से आया हुआ कैश था। यह पैसा बैंक के जरिए ट्रांसफर किया गया। ताकि कैश को लीगल दिखाया जा सके।

# रतलाम और आसपास के गांवों में भारी बारिश से जलभराव

## घरों में घुसा पानी रोड को जेसीबी से तोड़कर निकासी, गणेश पांडाल भी डूबा

**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम जिले में शुक्रवार देर शाम हुई मूसलाधार बारिश से शहर और ग्रामीण क्षेत्र जलमग्न हो गए। खासकर पल्दूना गांव में दो नालों का पानी मिल जाने से करीब 30 से 40 घरों में पानी भर गया। घरों का सामान पूरी तरह भीग गया। जेसीबी से पल्दूना-नामली मार्ग की सड़क तोड़कर पानी निकासी कराई गई। वहीं रतलाम शहर के वार्ड 27 भोई मोहल्ले में गणेश पांडाल पानी में डूब गया।

गांव पल्दूना में अचानक नालों का पानी घरों में घुस गया। ग्रामीणों ने मोटर पंप लगाकर पानी निकासी की। बिस्तर से लेकर घरेलू सामान तक भीग गया। जनपद सदस्य बालमुकुंद परिहार, सरपंच प्रतिनिधि नितेश धाकड़, सहायक सचिव उमेश पारोदिया और ग्रामीण मिलकर पानी निकालने में जुटे रहे। बालमुकुंद परिहार ने बताया कि शुक्रवार शाम दोनों नाले का पानी एक साथ मिलने से हालात बिगड़े।

### शहर में गणेश पांडाल जलमग्न, नालों पर अतिक्रमण जिम्मेदार

रतलाम शहर में देर रात तक कॉलोनियों में पानी भरा रहा। भोई मोहल्ले वार्ड 27 का गणेश पांडाल पूरी तरह डूब गया, यहां घुटनों तक पानी भर गया। एसडीईआरएफ की टीम ने मदद की। स्थानीय लोगों ने बताया कि ऊंकाला रोड, रत्नेश्वर रोड और हरमाला रोड पर नालों पर अतिक्रमण होने से हर बार निचली बस्तियां डूब जाती हैं। उन्होंने अतिक्रमण हटाने की मांग की।



### खेतों में फसलें डूबीं, किसानों ने मांगी मदद

गांव पलसोड़ा में बारिश से खेत तालाब बन गए। सोयाबीन, मक्का और खरीफ की अन्य फसलें पानी में डूबकर खराब होने लगी हैं। उपसरपंच श्याम व्यास और किसानों ने बताया कि नुकसान इतना बड़ा है कि उसकी भरपाई मुश्किल है। उन्होंने जिला प्रशासन से उच्च स्तरीय समिति बनाकर सर्वे करने और आर्थिक मुआवजा देने की मांग की।

### रतलाम में पिछले 24 घंटे में 5 इंच बारिश

रतलाम सिटी में पिछले 24 घंटे में 5 इंच बारिश हुई है। पिपलौदा में 3.6 इंच, रावटी में 1.25, बाजना में 1.10 इंच बारिश हुई है। 01 जून 25 से लेकर 6 सितंबर की सुबह 8 बजे तक रतलाम जिले में 46.02 इंच बारिश हो चुकी है। गत वर्ष इस समय तक 34.43 इंच बारिश हुई थी। बारिश का औसत कोटा भी पूरा हो चुका है। जिले की औसत बारिश 918.3 मिमी है।

### रतलाम अब तक बारिश का आंकड़ा

- कसैलाना 70.03
- करावटी 59.60
- कपिपलौदा 52
- करतलाम 49.4
- कजावरा 48.30
- कबाजना 37
- कआलोट 29

# बाइक रैली में सर तन से जुदा के नारे:सागर में वीडियो आया सामने

## हिंदू संगठन की शिकायत पर कांग्रेस नेता समेत अन्य पर FIR



**सागर, (एजेंसी)।** सागर में एक बाइक रैली में सर तन से जुदा के नारे लगे। गुरुवार को रैली के दौरान हुई नारेबाजी का वीडियो शुक्रवार को सामने आया। जिसके बाद हिंदू संगठन ने कोतवाली थाने में शिकायत की। हिंदू संगठन ने इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की।

शिकायत पर जांच के बाद पुलिस ने शुक्रवार शाम को रैली निकालने वाले ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष फिरदोष कुरैशी के साथ ही पम्मा कसाई, शहबाज और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

दरअसल, गुरुवार को ईद ईद मिलादुन्नबी के मौके पर वर्ग विशेष के युवकों ने शहर में बाइक रैली निकाली थी। ये रैली राहतगढ़ बस स्टैंड से शुरू हुई जो बड़ा बाजार, बस स्टैंड और परकोटा होते हुए कटरा बाजार में तीनबत्ती तिराहे पर पहुंची।तीन बत्ती चौराहे पर रैली में शामिल कुछ युवकों ने सर तन से जुदा के नारे लगाए। वीडियो सामने आने के बाद हिंदू संगठनों ने विवादित नारों पर आपत्ति जताई थी।

**नारे लगाने वालों पर हो सख्त कार्रवाई:** हिंदू जागरण मंच के उमेश सराफ ने कोतवाली थाने में शिकायत करते हुए कहा कि गुरुवार को बाइक रैली में गुस्ताख-ए-रसूल की एक सजा, सर तन से जुदा-सर तन से जुदा के नारे लगाकर शहर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। विवादित नारेबाजी से शहर में आक्रोश है। इस मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई।

# अतिथि शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस का जताया विरोध, ज्ञापन सौंपा



**रायसेन, एजेंसी।** अतिथि शिक्षकों ने शुक्रवार को एसडीएम मनीष शर्मा को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस से जुड़ी कई समस्याएं गिनाई। अतिथि शिक्षकों के मुताबिक, वे नियमित रूप से विद्यालय में अध्यापन कार्य कर रहे हैं। लेकिन ई-अटेंडेंस में कई दिक्कतें आ रही हैं। कई शिक्षकों के पास एंड्रॉइड मोबाइल नहीं है। अधिकांश स्कूलों में नेटवर्क की समस्या है।

उन्होंने यह भी मांग की है कि अनुभव के आधार पर 12 माह का सेवाकाल पूरा करने वालों को स्थायी किया जाए। ई-अटेंडेंस शुरू करने से पहले प्रसूति अवकाश, दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाएं दी जाएं। साथ ही, मोबाइल फोन उपलब्ध कराए जाएं।उन्होंने कहा कि स्कूल आने-जाने में लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। बारिश के मौसम में नदी-नाले पार करने में परेशानी होती है।

वेतन भी समय पर नहीं मिलता। कुछ शिक्षकों के बैंक खातों से पैसे अपने आप निकल जा रहे हैं। अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में मांग की है कि अनुभव के आधार पर नीति बनाकर उनका भविष्य सुरक्षित किया जाए। जुलाई और अगस्त का वेतन ऑफलाइन उपस्थिति के आधार पर दिया जाए। इससे उनके परिवार का भरण-पोषण सही तरीके से हो सके।

# 5 साल की बच्ची से अश्लील हरकत, टीचर है आरोपी

## धार के कुक्षी में महिलाओं ने थाना घेरा, बाजार बंद, नारेबाजी की

**कुक्षी,एजेंसी।** धार के कुक्षी में 5 साल की स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप निजी स्कूल के टीचर पर है। घटना बाग ब्लॉक के टांडा गांव में गुरुवार की है। पीड़ित बच्ची रातभर रोती रही। शुक्रवार सुबह परिजन ने पूछा तो घटना की जानकारी दी।

परिजन टांडा थाने पहुंचे और एफआईआर कराई। पुलिस आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर थाने ले आई। कागजी कार्रवाई शुरू की। उधर, देर शाम बच्ची के परिजन के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं थाने पहुंच गई। थाने का घेराव करते हुए आरोपी को बाहर निकालने की मांग करने लगीं। रात करीब 11 बजे तक नारेबाजी-हंगामा चलता रहा। काफी समझाइश के बाद प्रदर्शन खत्म कराया जा सका।

घटना के विरोध में शनिवार को टांडा बंद रखा गया। दोपहर 12 बजे रैली निकाली गई। इसमें महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। बेटियों को न्याय दो के नारे के साथ पुलिस थाने पर प्रदर्शन किया गया।



### स्कूल में सीसीटीवी कैमरे बंद

परिजन का कहना है कि प्राइवेट अस्पताल में मेडिकल चेकअप में बच्ची से छेड़छाड़ की पुष्टि हुई है।

उन्होंने बताया कि स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे खराब है। प्रबंधन न तो उन्हें बदल रहा है और न ही उन्हें ठीक कराया जा रहा है।

### पुलिस बोली- कार्रवाई कर रहे

कुक्षी एसडीओपी सुनील गुप्ता ने बताया कि आरोपी टीचर की पहचान सत्येंद्र त्यागी के रूप में हुई है। वह श्योपुर का रहने वाला है। आरोपी को तत्काल हिरासत में ले लिया गया था। आगे की कार्रवाई जारी है।

### कुरैशी मोहल्ले में सात दिनों से घरों में पानी भरा, लोग परेशान

**तलेन, एजेंसी।** मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा शुरू किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान में स्थानीय अमले की अनदेखी अब तलेन नगर में भारी पड़ रही है। 30 मार्च से 30 जून तक चले इस अभियान में नगर परिषद तलेन ने मात्र औपचारिकता निभाई गई, जिससे अब बारिश में जलभराव की गंभीर समस्या सामने आ रही है। वार्ड-15 कुरैशी मोहल्ले में सात दिनों से घरों में पानी भरा है, जिससे लोग परेशान हैं। साबिर, अख्तियार, निसार खान, अकिल कुरैशी, गफ्फार, अकरम खां, शफीक कुरैशी सहित कई लोगों के घर प्रभावित हैं। पूर्व में नगर परिषद को आवेदन देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई।

# आज चंद्र ग्रहण :सीहोर के सिद्धि विनायक मंदिर में दर्शन बंद

## साल का अंतिम चंद्रग्रहण भारत में भी दिखेगा

**सीहोर, एजेंसी।** सीहोर के प्राचीन सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में आज चंद्र ग्रहण के कारण दर्शन बंद रहेंगे। मंदिर की मुख्य पीठाधीश्वर डॉ. चारु चंद्रा व्यास ने बताया कि ग्रहण का सूतक काल दोपहर 12:58 बजे से शुरू होगा। शास्त्रीय मर्यादा के अनुसार मंदिर के पट रविवार दोपहर 12 बजे बंद कर दिए जाएंगे। इस दौरान पुजारी मंदिर में रहकर जाप अनुष्ठान करेंगे। मंदिर की शुद्धता के बाद भक्तों को 8 सितंबर को ही दर्शन की अनुमति मिलेगी।



### साल का अंतिम चंद्रग्रहण

अंक ज्योतिष पंडित गणेश शर्मा के अनुसार, आज साल का अंतिम चंद्र ग्रहण लगेगा। यह पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा और भारत में दिखाई देगा। इसी दिन से पितृपक्ष की भी शुरुआत हो रही है।

पितृपक्ष भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से शुरू होता है। यह 16 दिन तक चलता है। इस दौरान पूर्वजों की आत्मशांति के लिए पाठ, दान-दक्षिणा और पिंडदान किया जाता है। मान्यता है कि इस अवधि में पितर पृथ्वी पर आकर वंशजों पर कृपा करते हैं।

### कब होता है चंद्रग्रहण

ग्रहण काल में धार्मिक यात्रा और खरीदारी वर्जित है। चंद्र ग्रहण तब होता है जब सूर्य और चंद्रमा के बीच पृथ्वी आ जाती है, जिससे धरती की छाया चंद्रमा पर पड़ती है और चांद नहीं दिखता है। चंद्रग्रहण हमेशा पूर्णिमा की रात को होता है।

# जगतपुर से लाखखेरा बाईपास तक 4 किमी सड़क जर्जर

## ग्रामीण ने कीचड़ भरी सड़क पर लगाया भाजपा का झंडा और धान के पौधे



**कटनी, एजेंसी।** कटनी जिले के बड़वारा नगर में करोड़ों रुपए की लागत से बनी नई सड़क की पोल खुल गई है। जगतपुर उमरिया बाईपास से लाखखेरा बाईपास तक बनी 4 किलोमीटर लंबी सड़क दो महीने में ही क्षतिग्रस्त हो गई है।

स्थानीय समाजसेवी राघवेंद्र सिंह के अनुसार, सड़क निर्माण के दौरान ही गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए थे। अधिकारियों को शिकायत की गई, लेकिन उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल और नियमों की अनदेखी से करोड़ों रुपए व्यर्थ हो गए हैं।

बड़वारा क्षेत्र की पुरानी सड़कों की स्थिति भी चिंताजनक है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अच्छी सड़कों का दोबारा निर्माण किया जा रहा है, जबकि खराब सड़कों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा।हाल ही में बछौली-देवरी-हटाई मार्ग पर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कीचड़ से भरी सड़क पर भाजपा के झंडे और धान के पौधे लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों ने सरकार और स्थानीय विधायक से शीघ्र सड़क निर्माण की मांग की है।

# छतरपुर में 433 फरार आरोपी गिरफ्तार :न्याय पथ अभियान के तहत पकड़ाए फरार आरोपी

## 10 साल पुराने केस का इनामी अपराधी भी गिरफ्तार

**छतरपुर, एजेंसी।** पुलिस ने न्याय पथ अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने जिले में फरार चल रहे 433 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 10 साल पुराने लूट और अवैध हथियार मामले का 4 हजार का इनामी आरोपी जंगी यादव भी शामिल है।नौगांव पुलिस ने जंगी उर्फ जंग बहादुर यादव को गिरफ्तार किया है। वह ग्राम लुगासी का रहने वाला है। जंगी यादव एक आदतन अपराधी है। वह लूट और अवैध हथियार समेत 15 अपराधों में शामिल रहा है।

**25 साल पुराने मामलों के फरार आरोपी भी पकड़ाए:** एसपी अगम जैन के निर्देश में चल रहे इस अभियान में पुलिस ने 25 साल पुराने मामलों के आरोपियों को भी पकड़ा है। इनमें हत्या का प्रयास, अपहरण, दुष्कर्म, छेड़छाड़, धोखाधड़ी, चोरी और अवैध हथियार जैसे 431 से ज्यादा मामले शामिल हैं। पकड़े गए अपराधियों में 5 लाख रुपए से ज्यादा के इनामी भी हैं। इस अभियान में नौगांव, बमीठा, मातगुवां, जुझारनगर, बिजावर, गौरिहार, गढ़ी मलहरा और ओरछा रोड थाने की पुलिस टीमें शामिल हैं। छतरपुर पुलिस का यह अभियान जारी है। इसका मकसद फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और लंबित मामलों का जल्द निपटारा करना है।



# देवास में 16 साल के छात्र ने लगाई फांसी



**देवास, एजेंसी।** देवास के आंवला पिपलिया क्षेत्र में शुक्रवार को एक 16 वर्षीय छात्र ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। किशोर की पहचान आनंद पटेल के रूप में हुई है, वह कक्षा 9वीं का छात्र था। जानकारी के अनुसार, घटना उस समय हुई जब आनंद के माता-पिता उसके मामा के घर गए थे। घर पर आनंद अपनी छोटी बहन के साथ था। शाम को जब माता-पिता घर लौटे, तो छोटी बहन ने बताया कि भाई दरवाजा नहीं खोल रहा है।

पिता ने खिड़की से देखा तो आनंद फंदे पर लटका हुआ था। परिजन तुरंत आनंद को फंदे से उतारकर पहले देवास संस्कार अस्पताल और फिर जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**सरपंच ने बताया- भाई-बहन में मोबाइल को लेकर हुआ था विवाद:** क्षेत्रीय सरपंच मुकेश कामदार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में भाई-बहन के बीच मोबाइल को लेकर विवाद की बात सामने आई है। हालांकि, आत्महत्या का सटीक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# ईद के जुलूस में भगवा ध्वज पर इस्लाम जिंदाबाद लिखा

## खंडवा में हिंदू संगठनों को आपत्ति, मुस्लिम पक्ष बोला- ये रंग हमारे लिए भी पवित्र

**खंडवा, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के खंडवा में शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में धार्मिक भावनाएं आहत करने का मामला सामने आया है। हिंदूवादी संगठनों का आरोप है कि जुलूस में भगवा ध्वज पर काले रंग से इस्लाम जिंदाबाद लिखा गया और तालिबानी झंडे फहराए गए। जुलूस के दौरान डीजे पर पाक आर्मी के गाने भी बजाए गए।यह भी आरोप है कि गणेश पंडालों के पास आतिशबाजी की गई और जलेबी चौक क्षेत्र के कल्लनगंज का नाम बदलकर कल्लन अली गंज बताया गया। रात में हिंदू संगठन के लोग कोतवाली थाने पहुंचे। यहां सीएसपी अभिनव बारंगे और एसडीएम बजरंग बहादुर के सामने विरोध जताया।

वहीं, मुस्लिम पक्ष का कहना है कि भगवा रंग को इस्लाम में चिश्ती कलर माना जाता है। ये हमारे लिए भी पवित्र रंग है। डीजे पर गाना पाकिस्तानी कलाकार का, लेकिन गाने में कहीं भी पाकिस्तान का नाम नहीं था।हंदूवादी संगठन के लोगों का कहना है कि इंदौर में पुलिस ने इस तरह के झंडे-बैनर हटाकर कार्रवाई की थी, लेकिन खंडवा में पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में यह सब हुआ, लेकिन किसी पर कार्रवाई नहीं हुई। संगठनों ने मांग की कि शहर की शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार लोगों पर सख्त कदम उठाए जाएं।

### पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

कोतवाली पुलिस ने बताया कि 2-3 अज्ञात लोगों ने ईद मिलादुन्नबी जुलूस के दौरान भगवा झंडा हाथ में लेकर उस पर काले रंग से इस्लाम जिंदाबाद लिखकर फहराया। फरियादी अभिषेक तिवारी की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



### भगवा हिंदू समाज का प्रतीक

हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक माधव झा का कहना है कि भगवा हिंदू समाज का प्रतीक है। वह मंदिरों पर फहराया जाता है। हम लोग इस ध्वज को अपनी पहचान मानते हैं। मुस्लिम समुदाय कहता है कि यह चिश्ती कलर है, लेकिन वो इससे अलग आता है।

### जुलूस में तालिबान का ऑफिशियल झंडा

झा ने कहा कि चार-पांच साल पहले जब हिंदू समाज के जुलूस में हरे झंडे पर जय श्री राम लिख दिया गया था, तब पुलिस प्रशासन ने उन बैनर-पोस्टर और झंडों को हटवाया था। यह कहकर कि मामला सांप्रदायिकता से जुड़ा है। रही बात तालिबानी झंडे की तो जब अफगानिस्तान में तालिबान सक्रिय हुआ तो इसी सफेद झंडे का उपयोग किया गया और अब भी करता है। तालिबान इसी को ऑफिशियल ध्वज मानता है।

मुस्लिम पक्ष के लोगों का कहना है कि डीजे पर बजाया गाना पाकिस्तानी लेखक का है, जो पैगम्बर मोहम्मद साहब को संबोधित करते हुए वतन की देशभक्ति से जुड़ा है। उसमें कहीं भी दुश्मन देश पाकिस्तान का जिक्र नहीं है। दुनिया में कहीं भी कला और संस्कृति के लिए सरहद का बंधन नहीं है। हिंदूस्तान की सरजमीं पर बरसों से पाकिस्तान के कलाकार गाने आते हैं। इसमें धार्मिक भावना भड़काने जैसा कुछ भी नहीं है।

**झंडा तालिबान के झंडे से अलग था:** उन्होंने कहा, तालिबान का झंडा लहराने की बात कही जा रही है तो यह भी गलत है।

उस झंडे पर कलमा लिखा हुआ है। तालिबान के झंडे पर भी वही है, लेकिन जुलूस के झंडे में बॉर्डर और तलवार दर्शाई गई हैं, जो तालिबान के झंडे से अलग है।

### भगवा रंग इस्लाम में भी पवित्र माना जाता है

मुस्लिम पक्ष का कहना है कि भगवा ध्वज को लेकर मुद्दा बनाया जा रहा है, लेकिन इस्लाम में इसे चिश्ती कलर माना जाता है। पूरे अजमेर में इसी कलर के झंडे लगे हुए हैं। ख्वाजा गरीब नवाज इसी चिश्ती कलर की पगड़ी पहनते थे। आज भी मुस्लिम समुदाय में चिश्ती रंग की पगड़ियां पहनी जाती हैं। यह तो अच्छा है कि सभी धर्म उस कलर को पवित्र मानते हैं। इस पर किसी का कॉपीराइट नहीं है। उन्होंने कहा कि कल्लनगंज का नाम बदलने का आरोप है, उस क्षेत्र को कोई कल्लनगंज कहता है और कोई कल्याणगंज। मुस्लिम समुदाय के लोग कल्लन अली गंज कहते हैं क्योंकि वहां कल्लन अली बाबा नाम के बाबा हुआ करते थे, जिनकी दरगाह भी है।

## फिडे ग्रां प्री स्विस 2025 : गुकेश ने ड्रॉ खेला, प्रज्ञानानंद ने हासिल की जीत; महिला वर्ग में वैशाली संयुक्त बढ़त पर




**समरकंद (उज़्बेकिस्तान),एजेंसी।** विश्व चैम्पियन डी. गुकेश को मात्र 14 वर्षीय तुर्की ग्रैंडमास्टर यागिज़ खान एर्दोगमुस ने दूसरे दौर में ड्रॉ पर रोक दिया। वहीं, महिला वर्ग की मौजूदा चैंपियन आर. वैशाली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हॉलैंड की एलाइन रोएबर्स को पराजित कर संयुक्त बढ़त हासिल की। ओपन सेक्शन में गुकेश जीत की स्थिति में होने के बावजूद समय की कमी से जूझते हुए एर्दोगमुस से अंक बांटने पर मजबूर हुए। दूसरी ओर, शीर्ष वरीय आर. प्रज्ञानानंद ने शानदार वापसी करते हुए अपने पहले मुकाबले में जीत दर्ज की। उन्होंने रूस पर प्रतिबंध के कारण फिडे ध्वज तले खेल रहे इवान ज़ेनल्यांस्की को पराजित किया। 8,55,000 अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट के ओपन वर्ग में फ्रांस के अलीरेज़ा फिरौजा, ईरान के परहम मागसूदलू और स्लोवेनिया के एंटोन डेमचेंको दो-दो अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। महिला वर्ग में वैशाली लगातार दूसरी जीत के साथ दो अंकों पर पहुंच गई हैं और अब वह ऑस्ट्रिया की ओल्गा बेदेलका के साथ संयुक्त शीर्ष पर हैं। वैशाली की रेटिंग और वर्तमान फॉर्म को देखते हुए उम्मीद है कि वह जल्द ही अकेली बढ़त बना सकती हैं। यह फिडे ग्रां प्री स्विस का चौथा संस्करण है। ओपन और महिला दोनों वर्गों में शीर्ष दो खिलाड़ी 2026 के फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे, जो अगली विश्व चैम्पियनशिप के दावेदार तय करेगा। 6,25,000 अमेरिकी डॉलर इनामी ओपन वर्ग (प्रथम स्थान के लिए 90,000 डॉलर) में कुल 116 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसमें भारतीय तिकड़ी – जीएम प्रज्ञानानंद, अर्जुन एरिगैसी और गुकेश – शीर्ष पर वरीयता प्राप्त हैं।

## यूएस ओपन 2025 के फाइनल में पहुंचे जैनिक सिनर, कार्लोस अल्कराज़ से होगा सामना



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** इटली के जैनिक सिनर ने शुक्रवार को यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 25वीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-1, 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका सामना कार्लोस अल्कराज़ से होगा। इससे पहले अल्कराज़ ने आर्थर ऐश स्टेडियम पर 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नोवाक जोकोविच को मात दी। वहीं, सिनर भले ही कुछ मौकों पर लय से भटके लेकिन उन्होंने संघर्षपूर्ण जीत दर्ज करते हुए लगातार तीसरे ग्रैंडस्लैम फाइनल में प्रवेश किया। सिनर ओपन एरा (1968 से) में एक सीज़न में चारों ग्रैंडस्लैम के फाइनल तक पहुंचने वाले केवल चौथे खिलाड़ी बने। उनसे पहले यह उपलब्धि रॉड लेवर, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच ने हासिल की थी। जीत के बाद सिनर ने कहा, यह मेरे लिए अद्भुत सीज़न रहा है। ग्रैंडस्लैम सबसे अहम टूर्नामेंट होते हैं और एक और फाइनल में पहुंचना शानदार है। फेलिक्स ने कड़ा मुकाबला दिया, उनकी फिटनेस को लेकर थोड़ी चिंता दिखी लेकिन मैं उन्हें शुभकामनाएँ देता हूँ। मैच में सिनर ने पहला सेट आसानी से जीता, जबकि ऑगर-अलियासिम ने दूसरा सेट जीतकर वापसी की। तीसरे सेट में सिनर ने अपनी लय वापस पाई जीत हासिल की।

# 28 सितंबर को मुंबई में होगी बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक, अध्यक्ष सहित सभी पदों के लिए चुनाव




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की एजीएम यानी वार्षिक आम बैठक 28 सितंबर को मुंबई में होगी। इस दौरान बोर्ड अध्यक्ष और आईपीएल अध्यक्ष सहित कई पदों के लिए चुनाव होंगे। इस महीने की शुरुआत में पूर्व भारतीय क्रिकेटर रोजर बिन्नी के इस्तीफे के बाद से बीसीसीआई अध्यक्ष का पद खाली है, जबकि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अध्यक्ष अरुण धूमल के छह साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद अनिवार्य कूलिंग पीरियड में जाने की संभावना है।

**इनके पदों पर बने रहने की संभावना :** बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने अब तक लगभग तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है। इसमें वे दो साल तीन महीने तक संयुक्त सचिव और नौ महीने तक सचिव रह चुके हैं। ऐसे में उनका पद पर बने रहना लगभग तय माना जा रहा है। दरअसल, जय शाह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष बनने के बाद इस साल जनवरी में सैकिया को सर्वसम्मति से सचिव चुना गया था। इसके अलावा अन्य पदाधिकारी जिनके पद पर बने रहने की संभावना है, उनमें रोहन गौंस देसाई और प्रभतेज भाटिया के नाम शामिल हैं। देसाई को इस साल मार्च में संयुक्त सचिव चुना गया था और भाटिया को जनवरी में सैकिया के साथ कोषाध्यक्ष बनाया गया था।

**2022 में अध्यक्ष बने थे बिन्नी :** बिन्नी को अक्तूबर 2022 में बीसीसीआई अध्यक्ष बनाया गया था। उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की जगह ली थी। गांगुली ने अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा किया था। तब बिन्नी शीर्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे। इससे पहले खबरें आई थी कि बिन्नी सितंबर में होने वाली बीसीसीआई की एजीएम तक पद पर बने रहेंगे, लेकिन जुलाई में 70 वर्ष के होने के कारण उनका कार्यकाल पूरा हो गया। दुबई के मौसम से अभ्यस्त होने के लिए भारतीय टीम पहले ही दुबई पहुंच गई। 40 दिन के आराम के बाद मैदान पर उतरे बुमराह अभ्यास के दौरान अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के सैमसन ने कोच गौतम गंभीर और फील्डिंग कोच के साथ लंबी मंत्रणा की

**अध्यक्ष के रूप में बिन्नी का कार्यकाल:** बिन्नी के बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के बाद भारत ने दो सीमित ओवर प्रारूप के आईसीसी टूर्नामेंट जीते। भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अपने नाम किया था। बिन्नी के अध्यक्ष रहते ऐतिहासिक महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की भी शुरुआत हुई। उनके अध्यक्ष रहते ही घरेलू क्रिकेट को बेहतर प्रोत्साहन मिला। खिलाड़ियों के वेतन में वृद्धि हुई और टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ियों को घरेलू टूर्नामेंटों में खिलवाने के लिए उचित और सख्त कदम उठाए गए।

## अल्कराज ने जोकोविच को हराकर यू.एस. ओपन 2025 फाइनल में बनाई जगह



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** दूसरे वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कराज ने 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को शुक्रवार को सीधे सेटों में 6-4, 7-6(4), 6-2 से हराकर यू.एस. ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया। आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए इस बहुप्रतीक्षित मुकाबले में दर्शकों की भारी भीड़ जुटी और मैच ने पूरी तरह उम्मीदों पर खरा उतरते हुए रोमांचक अंदाज़ पेश किया।

2022 के चैंपियन अल्कराज ने मैच प्वॉइंट पर गूंजती तालियों और नारों के बीच जीत पक्की की। उन्होंने अपने से 16 साल बड़े प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दोगुने विनर शॉट लगाए। मैच के बाद अल्कराज ने कहा, एक बार फिर यू.एस. ओपन के फाइनल में पहुंचना शानदार एहसास है और मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यह बेहद शारीरिक मुकाबला था। पहले सेट में जोकोविच शुरुआत में ही सर्व गंवा बैठे और उन्हें कोई भी ब्रेक प्वॉइंट बनाने का मौका नहीं मिला। अल्कराज ने दमदार सर्व के साथ पहला सेट अपने नाम किया।

दूसरे सेट में सातवीं वरीयता प्राप्त जोकोविच ने वापसी की कोशिश की और दूसरे गेम में शानदार बैकहैंड से ब्रेक हासिल किया। लेकिन अल्कराज ने पांचवें गेम में लंबी रैली जीतकर ब्रेक प्वॉइंट बनाया और बढ़त वापस ले ली। टाईब्रेक में 0-2 से पिछड़ने के बाद जोकोविच ने शानदार नेट प्ले दिखाकर भीड़ को खुश किया, मगर अल्कराज ने लगातार दो दमदार सर्विस से बढ़त बनाए रखी और दूसरा सेट भी जीत लिया। तीसरे सेट में जोकोविच की डबल फॉल्ट ने अल्कराज को शुरुआती बढ़त दी। आखिरकार, एक और डबल फॉल्ट और चौड़े फोरहैंड ने मुकाबले का अंत किया। मैच के बाद जोकोविच ने मुस्कुराते हुए जाल पर झुककर अल्कराज को बधाई दी।

अब फाइनल में अल्कराज का मुकाबला मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर और कनाडा के 25वें वरीय फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के बीच विजेता से होगा।

## ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो बहु-दिवसीय मैचों के लिए इंडिया ए टीम घोषित, श्रेयस अय्यर कप्तान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाली दो बहु-दिवसीय मैचों की सीरीज के लिए 15 सदस्यीय इंडिया ए टीम की घोषणा कर दी। यह सीरिज 16 सितंबर से लखनऊ में खेली जाएगी। टीम की कप्तानी श्रेयस अय्यर करेंगे जबकि विकेटकीपर-बल्लेबाज़ ध्रुव जुरेल को उपकप्तान बनाया गया है। स्कवाड में साई सुदर्शन, नितीश कुमार रेड्डी और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्होंने हाल ही में इंग्लैंड में संपन्न हुई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में हिस्सा लिया था।

बीसीसीआई की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक के.एल. राहुल और मोहम्मद सिराज को दूसरे बहु-दिवसीय मैच में टीम से जोड़ा जाएगा। वे पहले मैच के बाद दो खिलाड़ियों की जगह लेंगे। दूसरा मैच 23 सितंबर से खेला जाएगा। यह सीरीज अभिमन्यु ईश्वरन, तनुष कोटियन और एन. जगदीशन जैसे खिलाड़ियों के लिए भी अहम होगी जो हाल के समय में भारतीय टेस्ट टीम के करीब रहे हैं लेकिन अभी तक डेब्यू नहीं कर पाए हैं। वहीं बाएं हाथ के स्टाइलिश बल्लेबाज़ देवदत्त पडिक्कल भी इस मौके का फायदा उठाकर टेस्ट टीम में वापसी करना चाहेंगे। पडिक्कल ने पिछली बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान भारत के लिए लाल गेंद से खेला था। उनके खाते में अभी तक केवल दो टेस्ट मैच दर्ज हैं। गौरतलब है कि यह सीरीज 11 सितंबर से शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी फाइनल के बाद खेली जाएगी। यह दो अक्टूबर से शुरू होने वाले वेस्टइंडीज दौरे की तैयारी के लिहाज से भी अहम साबित होगी। दो बहु-दिवसीय मैचों के बाद 30 सितंबर, तीन और पांच अक्टूबर को कानपुर में तीन वनडे मुकाबले खेले जाएंगे।

**इंडिया ए टीम:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, एन. जगदीशन (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (उपकप्तान, विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, हर्ष दुबे, आयुष बडोनी, नितीश कुमार रेड्डी, तनुष कोटियन, प्रसिद्ध कृष्णा, गुर्नूर बराड़, खलील अहमद, मानव सुथार, यश ठाकुर।

## शुभमन ने अभ्यास में दिखाए आतिशी तेवर, बुमराह समेत भारतीय टीम ने कोच गंभीर की अगुआई में बहाया पसीना



**दुबई, एजेंसी।** एशिया कप की तैयारियों के लिए भारतीय टीम शुक्रवार को इंग्लैंड दौरे के बाद पहली बार एक साथ अभ्यास के लिए उतरी। इस दौरान टेस्ट टीम के कप्तान और टी20 टीम में एक साल बाद वापसी कर रहे शुभमन गिल पर निगाहें रहीं। दुबई के आईसीसी अकादमी में उन्होंने लंबे नेट सत्र में आतिशी तेवर अपनाए। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में खिताब बचाने के इरादे से उतरेगी। भारत ने 2023 में वनडे प्रारूप में खेले गए एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका को हराया था। एशिया कप में भारत का कार्यक्रम भारत को एशिया कप में अपना पहला मैच 10 सितंबर को मेजबान यूएई के खिलाफ खेलना है। 14 सितंबर को टीम पाकिस्तान से भिड़ेगी, जबकि 19 सितंबर को मुकाबला ओमान के साथ होगा। 20 सितंबर से प्लेऑफ खेले जाने हैं। मुख्य कोच गौतम गंभीर और सूर्यकुमार यादव की अगुआई में गिल, संजू सैमसन, जितेश शर्मा, तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा ने नेट पर लंबे समय तक बल्लेबाजी की।

**बिना प्रायोजक की जर्सी के साथ उतरी टीम :** नए हेयर स्टाइल के कारण ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या आकर्षण का केंद्र रहे। उन्होंने प्रशंसकों को बालों के नए अंदाज के कारण हार्दिक पंड्या ऑटोग्राफ भी दिए। टीम ने बिना प्रायोजक की जर्सी के साथ अभ्यास किया। ड्रीम-11 से हाल ही में मुख्य प्रायोजक का करार टूट गया है।

**सैमसन ने की गंभीर के साथ लंबी मंत्रणा :** एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में कोई आधिकारिक शिविर नहीं लगाया गया। गिल, बुमराह, कुलदीप, अर्शदीप को एक महीने का आराम दिया गया। सभी खिलाड़ी निजी तौर पर गुरुवार को दुबई पहुंचे थे।

## वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025: सुमित, नीरज प्री-क्वार्टर फाइनल में; जैस्मिन ने भी किया शानदार आगाज़



**लिवरपूल, एजेंसी।** भारत ने वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन दमदार प्रदर्शन किया। पुरुषों के 75 किग्रा वर्ग में सुमित कुंडू और महिलाओं के 65 किग्रा वर्ग में नीरज फोगाट ने जीत दर्ज कर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, महिला बॉक्सर जैस्मिन ने भी 57 किग्रा वर्ग में शानदार जीत से अंतिम-16 दौर में प्रवेश किया। सुमित ने जॉर्डन के मोहम्मद अलहुसैन को 5-0 से मात दी। दो साल बाद किसी बड़े टूर्नामेंट में वापसी कर रहे सुमित ने आक्रामक अंदाज़ में मुकाबला खेला और लगातार दबाव बनाते हुए शानदार पावर-पैक पंच लगाए। अब सुमित का अगला मुकाबला पेरिस ओलंपियन बुल्गारिया के रामी किवान से होगा। नीरज फोगाट ने फिनलैंड की क्रिस्टा कोवालैनेन को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराया। नीरज ने पहले राउंड में शानदार हेड शॉट्स लगाए, हालांकि दूसरे राउंड में क्रिस्टा ने वापसी की। तीसरे और निर्णायक राउंड में नीरज ने बढ़त बनाए रखी और इंग्लैंड की साचा हिक्की के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेसी ने कहा, यहां इस तरह से अंत करना मेरा हमेशा से सपना रहा है। मैंने इस मैदान पर बहुत कुछ अनुभव किया है, अच्छा भी और बुरा भी, लेकिन अर्जेंटीना में अपने प्रशंसकों के सामने खेलना हमेशा खुशी की बात होती है। मेसी ने गुरुवार को खचाखच भरे दर्शकों के सामने अर्जेंटीना की वेनेजुएला पर 3-0 की जीत में दो गोल दागे, जो उन्हें विदाई देने के लिए एस्टाडियो मोनुमेंटल में इकट्ठा हुए थे। मेसी ने अभी तक इस बारे में कोई संकेत नहीं दिया है कि वह खेल के शीर्ष स्तर से कब संन्यास लेंगे, लेकिन 2030 विश्व कप के क्वालीफायर 2027 में शुरू होंगे, जब गोल स्कोरिंग लीडर बने हुए हैं। उनके इंटर मियामी टीम के साथी लुइस सुआरेज़ ने महाद्वीपीय क्वालीफाइंग मेंकिए हैं, लेकिन वह उरुग्वे की राष्ट्रीय टीम से संन्यास ले चुके हैं। बोलीविया के मार्सेलो मोरेनो मार्टिंस 2 के साथ तीसरे स्थान पर हैं। पेरिस ओलंपियन और वर्ल्ड बॉक्सिंग कप गोल्ड मेडलिस्ट जैस्मिन ने यूक्रेन की दारिया-ओल्हा हुतारीना को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में कदम रखा। पहले राउंड में धीमी शुरुआत के बाद जैस्मिन ने लय पकड़ी और जोरदार पंचों से जीत पक्की की। अब उनका मुकाबला 2023 पैन अमेरिकन गेम्स चैंपियन ब्राजील की जुसीलन सेरकेइरा से होगा। इससे पहले गुरुवार को वर्ल्ड यूथ गोल्ड मेडलिस्ट सनमाचा (70 किग्रा) ने डेनमार्क की डिटी फ्रॉस्टहोल्म को 4-1 से हराया था। अब वह कज़ाखस्तान की नताल्या बोगदानोवा से भिड़ेंगी। हालांकि पुरुषों के 90 किग्रा वर्ग में भारत को झटका लगा। हर्ष चौधरी पोलैंड के एडम तुताक से हारकर शुरुआती दौर में ही बाहर हो गए। रेफरी ने तीसरे राउंड में मुकाबला रोककर हर्ष की हार घोषित की।

# परिवार सहित बप्पा को विसर्जित करने पहुंचे लोग, झांकी सजाकर नांचते हुए भगवान को किया विदा

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** शनिवार को गणेश उत्सव का समापन हुआ। दोपहर से ही जिला मुख्यालय और नगर के विभिन्न पंडालों से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के साथ प्रतिमाओं को विदाई दी। अधिकतर प्रतिमाओं का विसर्जन माधवगढ़ स्थित टमस नदी में किया गया।

जिगनहट रपटा और सतना नदी में भी प्रतिमाएं विसर्जित की गईं। श्रद्धालुओं ने घाट पर बप्पा की पूजन के बाद आरती उतारी। बड़ी प्रतिमाओं को क्रेन की मदद से नदी में उतारा गया।

घरों में स्थापित प्रतिमाओं को ऑटो रिक्शा व अन्य वाहनों में सजाया गया। सार्वजनिक पंडालों की प्रतिमाओं को गाड़ियों में फूल मालाओं और गुब्बारों से सजाया गया। कीर्तन मंडली और डीजे की धुन पर भक्त नाचते-गाते रहे।

प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी। नदी घाटों पर पुलिस बल और गोताखोर निगरानी दल तैनात किए गए। कंट्रोल रूम से लगातार मॉनिटरिंग की गई। कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। देर रात तक चलने वाले विसर्जन के लिए घाटों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की गई।

पूरे जिले में विसर्जन कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। भक्तों ने 'गणपति बप्पा मोरया' और 'अगले बरस तू जल्दी आना' के जयकारों के साथ बप्पा को विदाई दी।







### सतना के नेमीश्वर धाम में पर्यूषण पर्व का समापन

# अनंत चतुर्दशी पर चांदी के रथों संग शोभायात्रा, ज्ञानमती माताजी के स्वास्थ्य हेतु शांति धारा





**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** नेमीश्वर धाम विद्या ज्योतिर्मय तीर्थ दिगंबर जैन मंदिर में शनिवार को पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन विशेष आयोजन हुआ। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर कृष्ण नगर स्थित वांसु जिनालय में मूल नायक वांसु पूज्य भगवान का महामस्तकाभिषेक किया गया।

गणिनी आर्यिका मां 105 श्री ज्ञानमती माताजी के स्वास्थ्य लाभ के लिए शांति धारा की गई। संगीतमय पूजन के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाकर मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया गया।

दोपहर में आर्यिका 105 श्री अंकपमती माताजी ससंघ की उपस्थिति में शोभायात्रा निकाली गई। तीन चांदी के रथों और दो पालकियों में श्रीजी विराजमान थे। पर्यूषण पर्व के दौरान 5 से 10 उपवास करने वाले श्रावक-श्राविकाएं बग्घियों में बैठकर शोभायात्रा में शामिल हुए।

नवयुवक मंडल के साथी भजनों से श्रद्धालुओं का मन मोह रहे थे। श्रावक सफेद कुर्ते-पजामे में और श्राविकाएं केसरिया साड़ी में शामिल हुईं। समाज बंधुओं ने अपने निवास और प्रतिष्ठानों के सामने रंगोली बनाई। माताजी का पाद प्रक्षालन किया गया और आरती उतारी गई। शोभायात्रा का समापन सरस्वती भवन स्थित जैन मंदिर में हुआ।

## गर्भवती महिला को सांप से काटा, वेंटिलेटर पर डिलीवरी; सतना में डॉक्टरों ने बचाई मां-बेटी की जान, 24 घंटे बेहोश रही महिला

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** मध्य प्रदेश के सतना जिले में गर्भवती को सांप ने काट लिया। महिला को परिजन सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय जिला चिकित्सालय लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने गर्भवती महिला और बच्चे को बचा लिया। रेउरा फार्म निवासी 24 साल की लकी डोहर को सांप ने डस लिया था। वह 8 माह की गर्भवती थी।



**बेहोश हो गई थी महिला:** 3 सितंबर को रात में सोते समय महिला को सांप ने काटा था, जिसके बाद वह बेहोश हो गई। लकी को परिजन सुबह 4 सितंबर की सुबह जिला अस्पताल लेकर आए। उस समय उनका एसपीओटू 50 फीसदी से कम था। पल्स और ब्लड प्रेशर का पता नहीं चल पा रहा था।

**बेहोशी की हालत में ही बच्ची को दिया जन्म:** मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. बद्री विशाल सिंह ने मेडिसिन डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ. एलपी सिंह से परामर्श कर महिला को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा। गुरुवार सुबह 5:45 बजे भर्ती हुई लकी ने रात को बेहोशी की हालत में ही एक बच्ची को जन्म दिया। प्रसव स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. निशात फातिमा खान की देखरेख में हुआ। डॉक्टरों की मेहनत रंग लाई और दो दिन बाद शुक्रवार को लकी को होश आ गया। उसे वेंटिलेटर सपोर्ट से बाहर निकाला गया। शनिवार को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। डॉक्टरों के अनुसार मां और बच्ची दोनों स्वस्थ हैं।

# सगी बहनों को सांप ने डंसा, 2 दिन में 2 मौतें

## पहले दिन छोटी और दूसरे दिन बड़ी बहन को काटा; बेहद जहरीला सांप है करैत

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** दो सगी बहनों को करैत सांप ने डस लिया। 24 घंटे के अंदर दोनों की मौत हो गई। घटना ग्राम छींदा खम्हारिया खुर्द की है। वन विभाग की टीम ने सांप को रेस्क्यू कर लिया है। जानकारी के अनुसार, गांव में जमीदार साहू की 10 साल की बेटी सपना साहू गुरुवार देर रात घर में सो रही थी। इसी दौरान जहरीले सांप ने उसे काट लिया। परिवार उसे इलाज के लिए ले गए, लेकिन उसकी मौत हो गई।

शुक्रवार रात को सपना की बड़ी बहन निशा साहू (17) को भी सांप ने डस लिया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद निशा को मृत घोषित कर दिया। किसान जमींदार साहू की 5 बेटियां थी। उनका कोई बेटा नहीं है। लगातार दो बेटियों की मौत से परिवार टूट गया है और पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। बड़ी बहन निशा पढ़ाई नहीं करती थी। छोटी बहन सपना 5वीं की छात्रा थी।



सपना साहू



निशा साहू

**डसने के बाद पेट में तेज दर्द उठा:** जमींदार साहू ने बताया कि छोटी बेटी सपना खाट पर सो रही थी। उसके पैर में सांप ने काटा तो परिवार को लगा कि मच्छर ने काटा है। कुछ देर बाद उसके पेट में तेज दर्द उठा तो उसने मां को बताया। हमने देखा तो उसके पैर में सांप के काटने के छोटे लाल निशान थे। जमींदार ने बताया कि वे उसे गांव से 18 किलोमीटर दूर जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाम को पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर घर पहुंचे। शुक्रवार की रात में जब सभी लोग शव के पास बैठे थे, तभी दूसरे कमरे में सो रही बड़ी बेटी निशा की चीख सुनाई दी। परिजन ने देखा कि उसके हाथ में सांप ने काट लिया है। वे उसे रात में ही जिला अस्पताल ले गए। वहां ड्यूटी डॉक्टर ने एंटी स्नेक वेनम लगाकर इलाज शुरू किया, लेकिन जहर का असर ज्यादा था, इसी दौरान शनिवार की सुबह निशा की भी मौत हो गई।

**समय पर इलाज न मिलने और जागरुकता की कमी से गई जान:** जनपद सदस्य गौरव सिंह ने बताया, शनिवार को दोनों बहनों के शवों का जिला अस्पताल सतना में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसके बाद गांव में अंतिम संस्कार होगा।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार सर्पदंश की घटनाएं हो रही हैं। समय पर प्राथमिक उपचार और जागरूकता के अभाव में लोगों की जान चली जाती है। ग्रामीणों की मांग है कि गांवों में सर्प दंश से बचाव और इलाज के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। साथ ही, स्वास्थ्य केंद्रों में जरूरी दवाइयां और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

**भारत के सबसे जहरीले सांपों में से एक है करैत:** करैत भारत में पाए जाने वाले सबसे जहरीले सांपों में से एक है। इसका रंग काला या नीला-काला होता है और शरीर पर सफेद धारियां होती हैं। करैत का जहर न्यूरोटॉक्सिक होता है, जो सीधा नसों और दिमाग पर असर डालता है। करैत सांप की एक खास विशेषता यह है कि इसके काटने पर निशान या सूजन दिखाई नहीं देती।

## दुर्लभ ब्लड ग्रुप के रक्तदाताओं ने किया रक्तदान



**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** ब्लड ग्रुप चार प्रकार A,B,O,AB पॉजिटिव एवं निगेटिव के होते हैं जिसमें पॉजिटिव ग्रुप का ब्लड तो आसानी से उपलब्ध हो जाता है लेकिन निगेटिव ग्रुप दुर्लभ ग्रुप होते हैं जो हजारों लोगों में से किसी एक का होता है यह ब्लड बड़ी मुश्किलों से मिलता है ऐसे ही 6 रक्तवीरों ने दुर्लभ ब्लड ग्रुप का रक्तदान किया। समाजसेवी एवं सिन्धु विकास समिति के अध्यक्ष व रक्तप्रेरक विनोद गेलानी ने जानकारी देते हुए बताया गत दिवस जिला अस्पताल एवं बिरला अस्पताल में भर्ती मरीजों को इन ग्रुपों की अति आवश्यक पड़ने पर दिलीप सोनी एवं रवि आरेख निगेटिव रोहित वाधवानी निगेटिव अश्वनी सिंह सुशांत सक्सेना निगेटिव शुभम जयसवाल ने निगेटिव का अपना लहू देकर इंसानियत का सच्चा फर्ज निभाया।

रक्तदान करवाने में अमित कामरानी संजय वाधवानी मनीष सदानी आकाश बनर्जी का विशेष सहयोग रहा, रक्तवीरो के रक्तदान करने पर संस्था के संरक्षक मंडल के गोपी गेलानी श्रीचंद मनवाणी मनोहर डिगवानी ज्ञान खटवानी इंद्रलाल आडवाणी श्रीचंद शीतलानी घनश्याम मंघरानी संजय वाधवानी महेश रावलानी गंगाराम सचदेव दिलीप सोनी अमित कामरानी, डी जसवानी रंजीत सेनानी जितेंद्र गावरी गोपीचंद कापड़ी विजय जग्यासी अशोक चाँदवानी बसंत खत्री दीपक वाधवानी केशव मखीजा राजकुमार साधवानी मनीष टेकवानी विष्णु जानवानी मनीष सदानी बंटी भोजवानी सहयोगी बसंत शर्मा निक्की मनचंदानी विशाल राजपाल संजय आहूजा महिला मंडल से मोना चोपड़ा राखी होतचंदानी डॉ. मनीषा सोई आर्य खिलवानी मुस्कान चंदानी सिमरन होतचंदानी निशा गोयल आभा सिंह जया जायसवाल रशिम जैन कशिश नागदेव बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मैहर में गणेश विसर्जन के दौरान तीन युवक बहे, दो सगे भाइयों को लोगों ने बचाया; एक अभी भी लापता

**मीडिया ऑडीटर, मैहर ( निप्र )।** जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र के कठहा मगरर गांव में गणेश विसर्जन के दौरान 3 युवक बह गए । दो को बचा लिया गया है। वहीं, एक की तलाश जारी है। घटना शुक्रवार रात करीब 10 बजे की है।



नारायण कोरी (38) का पैर फिसलने से वह पानी में गिर गए। उन्हें बचाने के लिए जयशंकर कुशवाहा (37) कूदे, लेकिन वह भी तेज बहाव में फंस गए। फिर विजय शंकर कुशवाहा (35) ने दोनों को बचाने का प्रयास किया।

मौके पर मौजूद लोगों ने सगे भाई विजय और जयशंकर को बचा लिया। लेकिन नारायण कोरी तेज बहाव में बह गए।जिसके बाद लोगों ने रात में तलाश के मगर अंधेरा होने के कारण कही कुछ पता नहीं चला जिसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घर चले गए उसके बाद सुबह घटना स्थल पर पहुंच कर लापता व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते और तहसीलदार रामदेव साकेत मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि नदी के कई स्थानों पर तलाश की जा रही है। रीवा से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है, जो जल्द ही पहुंचने वाली है।

## चित्रकूट अस्पताल में कंपाउंडर की गलती से महिला की मौत, मुंह में नली डालते समय हुई ब्लीडिंग; रीवा रेफर करने से पहले तोड़ा दम

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** चित्रकूट चैरिटेबल हॉस्पिटल में एक 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान हनुमान नगर नई बस्ती निवासी सियावाई विश्वकर्मा के रूप में हुई। महिला को बुखार और पेट में इन्फेक्शन की शिकायत थी। पिछले तीन दिनों से डॉ. एस.पी. तिवारी से उनका इलाज चल रहा था। शनिवार को अस्पताल के कंपाउंडर ने परिजनों को वार्ड से बाहर निकाल दिया। कचरा साफ करने का बहाना बनाकर उसने महिला के मुंह में नली डाली।



नली डालते समय महिला को ब्लीडिंग शुरू हो गई। इससे उनकी हालत बिगड़ गई। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रीवा रेफर किया गया। लेकिन अस्पताल से बाहर निकलने से पहले ही उनकी मृत्यु हो गई।

सियावाई के बेटे विष्णु विश्वकर्मा ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि गलत तरीके से नली डालने के कारण उनकी मां की जान गई। परिजनों ने मामले की जांच और अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 11 सितंबर को

**सतना।** वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत एमपी वन मित्र पोर्टल पर जिला स्तर पर लंबित दावों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 11 सितंबर को सायं 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

# सतना आरटीओ में निजी दलाल सक्रिय, अवैध वसूली में माहीर

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** मध्य प्रदेश के सतना आरटीओ में निजी दलालों की सक्रियता बढ़ गई है, जो अवैध वसूली में माहिर हो गए हैं। यह स्थिति न केवल आम जनता के लिए परेशानी का कारण बन रही है, बल्कि यह सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाती है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि आरटीओ कार्यालय में काम कराने के लिए उन्हें अक्सर दलालों के पास जाना पड़ता है। ये दलाल बिना किसी कानूनी प्रक्रिया का पालन किए, लोगों से पैसे वसूलते हैं। कई बार, उन्हें बिना किसी कारण के अतिरिक्त शुल्क भी चुकाने पड़ते हैं। यह स्थिति उन नागरिकों के लिए और भी परेशान करने वाली है, जो अपने काम को सही तरीके से करना चाहते हैं।




एक स्थानीय निवासी ने बताया कि जब उन्होंने अपनी गाड़ी का रजिस्ट्रेशन कराने के लिए आरटीओ का दौरा किया, तो उन्हें दलालों ने बताया कि उन्हें बिना उनके मदद के काम नहीं होगा। इस तरह की बातें सुनकर उन्हें समझ में आया कि यह एक संगठित अवैध वसूली का नेटवर्क है।

इस अवैध वसूली के कारण, सामान्य नागरिकों को अपने अधिकारों से वंचित रहना पड़ता है। जो लोग दलालों के माध्यम से काम नहीं कराना चाहते, उन्हें अक्सर लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है। कई बार तो उन्हें अपने काम के लिए कई बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इससे न केवल समय की बर्बादी होती है, बल्कि मानसिक तनाव भी बढ़ता है।

स्थानीय लोगों ने इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि इस अवैध वसूली पर रोक नहीं लगाई गई, तो यह स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। आरटीओ कार्यालय में इस तरह की गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। लोगों का मानना है कि यदि दलालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, तो यह न केवल अवैध वसूली को रोकने में मदद करेगा, बल्कि लोगों का विश्वास भी प्रशासन पर बढ़ाएगा।

इस प्रकार, सतना आरटीओ में निजी दलालों की सक्रियता और अवैध वसूली की समस्या को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। प्रशासन को चाहिए कि वे इस मुद्दे की जांच करें और सुनिश्चित करें कि आम जनता को सरकारी सेवाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिले।

# सांसद के निजि सचिव का दिल्ली में हुआ निधन

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** सांसद गणेश सिंह के निज सचिव रहे कौशलेंद्र सिंह रिंकू का दिल्ली में इलाज के दौरान दोपहर 1 बजे निधन हो गया। यह समाचार सुनकर सभी के दिलों में गहरा शोक छा गया है। रिंकू पिछले सप्ताह एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके निधन से परिवार में एक बड़ी दु:खद स्थिति उत्पन्न हो गई है। रिंकू के घर में 5 साल का बेटा और एक गर्भवती पत्नी हैं, जो इस कठिन समय में अत्यंत दुख और संकट का सामना कर रहे हैं। परिवार के सदस्यों और दोस्तों के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है।



अंतिम संस्कार 7 सितंबर, रविवार को उनके गृहग्राम चोरमारी, रामपुर बाघेलान, सतना में किया जाएगा। इस दुखद अवसर पर परिवार और मित्रों के साथ-साथ समाज के कई लोग भी उनके अंतिम दर्शन के लिए उपस्थित होंगे।

इस कठिन समय में, सभी ने रिंकू के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। ईश्वर से प्रार्थना की जा रही है कि वह मृतात्मा को शांति प्रदान करें और परिवार जनों पर पड़े इस वज्रपात को सहन करने की ताकत दे।

कौशलेंद्र सिंह रिंकू का निधन न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक बड़ी क्षति है। उनकी यादें और योगदान हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेंगे।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।